वर्ष : 34 | अंक :35 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, शनिवार, 12 अप्रैल 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




# महाराष्ट्र को करोड़ों के रेल प्रोजेक्ट की सौगात

- रेलवे की 1 लाख 73 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी
- मुंबई में जल्द शुरू होगा 'मुंबई 1' एकल कार्ड सिस्टम



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के लाखों यात्रियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब मेट्रो, मोनोरेल, लोकल ट्रेन और बसों में सफर करने के लिए अलग-अलग टिकट या कार्ड की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार 'मुंबई 1' नामक एकल कार्ड लाने जा रही है, जिससे इन सभी परिवहन सेवाओं में यात्रा की जा सकेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इस कार्ड की डिजाइन एक महीने में तैयार हो जाएगी। इस एकल टिकट व्यवस्था से यात्रियों को लंबी कतारों और समय की बर्बादी से मुक्ति मिलेगी।



> मुंबई में उपनगरीय रेल सेवाओं में सुधार के लिए एसी लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इससे यात्रियों को अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। महाराष्ट्र में रेलवे नेटवर्क का तेजी से विस्तार करने पर जोर दिया जा रहा है और केंद्र सरकार इसके लिए हर संभव सहयोग देगी।
>
> **-अश्विनी वैष्णव,** रेलवे मंत्री

> केंद्र से प्राप्त धनराशि से महाराष्ट्र के रेलवे विकास को गति मिलेगी। महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर रेलवे नेटवर्क बनाया जा रहा है। मुंबई में कई रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है। महाराष्ट्र में तेजी से रेलवे नेटवर्क बनाया जा रहा है। गोंदिया-बल्लारशाह रेलवे लाइन खुलने से विदर्भ क्षेत्र को अधिक लाभ होगा
>
> **-देवेन्द्र फडणवीस,** मुख्यमंत्री

### 238 नई AC लोकल ट्रेनों को मिली मंजूरी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई की लाइफलाइन मानी जाने वाली लोकल ट्रेनों के बेड़े में 238 नई वातानुकूलित ट्रेनें जोड़ी जाएंगी। इनका निर्माण जल्द ही शुरू होगा। मुंबई में फिलहाल 17,000 करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं जो रेलवे नेटवर्क की सूरत बदल देंगी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में कुल 1.73 लाख करोड़ रुपए के रेलवे कार्य चल रहे हैं और इस साल 23,778 करोड़ रुपये की नई योजनाओं को मंजूरी दी गई है।



### रेलवे बजट 20 गुना तक बढ़ा

रेल मंत्री ने यह भी बताया कि यूपीए सरकार के समय महाराष्ट्र को सालाना लगभग 1,000 करोड़ रुपये का रेलवे बजट मिलता था, जबकि अब यह आंकड़ा 20 गुना तक बढ़ चुका है।

### गोंदिया-बल्हारशाह रेलवे लाइन को मंजूरी

पूर्वी महाराष्ट्र में गोंदिया-बल्हारशाह रेलवे लाइन को मंजूरी मिल गई है। रेल मंत्री ने कहा कि गोंदिया-बल्लारशाह रेल लाइन को मंजूरी मिलने से विदर्भ, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच सीधा संपर्क बढ़ेगा। केंद्र सरकार इस परियोजना में 4,019 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे उत्तर-दक्षिण भारत के बीच माल और यात्री यातायात को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि विदर्भ के विकास के लिए यह परियोजना गेमचेंजर साबित होगी।

### 132 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और शिवाजी महाराज सर्किट

अब तक महाराष्ट्र में 132 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य किया जा चुका है। इसके साथ ही सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट की शुरुआत भी करने जा रही है, जो 10 दिन की यात्रा में ऐतिहासिक किलों और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगा।

# साइबर खतरे की चपेट में सरकारी विभाग

## डार्कनेट पर डेटा लीक, पाकिस्तानी-चाइनीज हैकर्स की नजरें



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार के कई अहम विभागों पर साइबर हमले का खतरा मंडरा रहा है। महाराष्ट्र साइबर की जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि कई विभागों की वेबसाइटें सुरक्षित नहीं हैं और किसी भी वक्त साइबर अटैक का शिकार हो सकती हैं।

### राज्य में पहले भी हो चुके हैं बड़े साइबर हमले

2017 : जेएनपीटी मुंबई पर रैनसमवेयर अटैक
2018 : कॉसमॉस बैंक से 100 करोड़ की साइबर डकैती
2020 : एमसीईबी सर्वर पर साइबर हमला
2021 : एमआईडीसी सर्वर पर रैनसमवेयर अटैक

### पुलिस, बिजली विभाग और एमपीएससी भी खतरे में

साइबर सेल के अनुसार, जिन विभागों पर खतरा सबसे ज्यादा है, उनमें महाराष्ट्र पुलिस, डीजीआईपीआर, बिजली विभाग और महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस कमीशन (एमपीएससी) जैसे कई प्रमुख विभाग शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि इन विभागों का संवेदनशील डेटा डार्कनेट पर लीक हो चुका है।

### पाकिस्तानी और चीनी हैकरों की सक्रियता

महाराष्ट्र साइबर सेल के मुताबिक, लीक हुए डेटा को पाकिस्तानी और चीनी हैकर्स एक्सेस कर रहे हैं, जिससे भविष्य में बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। एडीजी यशस्वी यादव ने इस खतरे की पुष्टि करते हुए बताया कि संबंधित विभागों ने अब तक साइबर सुरक्षा के आवश्यक उपाय नहीं किए हैं, जो बेहद चिंता का विषय है।

### साइबर सेल बना साइबर सुरक्षा निगम

राज्य सरकार ने महाराष्ट्र साइबर सेल को अब 'साइबर सुरक्षा निगम' में बदल दिया है। इसके तहत राज्य की सभी कॉर्पोरेट कंपनियों को साल में एक बार साइबर ऑडिट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसा न करने पर कंपनियों को 25,000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना देना होगा।




## पिंपरी-चिंचवड़ महानगर क्षेत्र में शुरू होगी ई - ट्रांजिट बस सेवा

**पुणे।** पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ महानगर क्षेत्र में ई-ट्रांजिट बस सेवा शुरू होगी। यह सेवा पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ई-ट्रांजिट सेवा शुरू करने के संबंध में हेस एजी कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। राज्य अतिथिगृह सह्याद्री में आयोजित बैठक में पिंपरी-चिंचवड़ मनपा आयुक्त शेखर सिंग मौजूद थे।

कुर्ला बस हादसा

# आरोपी बस चालक की जमानत अर्जी फिर खारिज



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कुर्ला बस हादसे में नौ लोगों की मौत और 42 के घायल होने के चार महीने बाद अदालत ने आरोपी बेस्ट बस चालक की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि यह अपराध गंभीर प्रकृति का है, ऐसे में जमानत नहीं दी जा सकती। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी. जी. रघुवंशी ने शुक्रवार को आरोपी की नवीनतम जमानत याचिका को ठुकरा दिया। आरोपी ने याचिका में तर्क दिया था कि पुलिस जांच पूरी हो चुकी है और नया आरोपपत्र भी दाखिल किया जा चुका है, इसलिए उसे जमानत दी जाए।

# अमित शाह का महाराष्ट्र दौरा

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 12 अप्रैल से दो दिनों के महाराष्ट्र दौरे पर जा रहे हैं. इस दौरान उनका मुख्य कार्यक्रम रायगढ़ जिले में होगा. इसके चलते महाराष्ट्र की राजनीति में कई हलचलें देखने को मिल सकती हैं. खास बात यह है कि रायगढ़ दौरे के बाद अमित शाह राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) के सांसद सुनील तटकरे के निवास स्थान पर भोजन के लिए जाएंगे. इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या अदिति तटकरे के पालक मंत्री पद को अमित शाह का अप्रत्यक्ष समर्थन मिल रहा है?



### पालक मंत्री पद को लेकर अदिति तटकरे और भरत गोगावले के बीच खींचतान

पिछले कुछ महीनों से रायगढ़ के पालक मंत्री पद को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) की अदिति तटकरे और शिवसेना (शिंदे गुट) के भरत गोगावले के बीच रस्साकशी लगातार बढ़ती जा रही है. अब सबकी निगाहें अमित शाह के हस्तक्षेप पर टिकी हैं, जिससे इस विवाद का समाधान निकलने की उम्मीद जताई जा रही है.

### शिवाजी महाराज कभी उन्हें आशीर्वाद नहीं देंगे : संजय राउत

संजय राउत ने मीडिया से बात करते हुए अमित शाह के रायगढ़ दौरे पर टिप्पणी की। राउत ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज उन्हें( अमित शाह) कभी आशीर्वाद नहीं देंगे। इन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज के अखंड महाराष्ट्र को तोड़ने का सपना देखा। मुंबई को लूटना चाहा और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रेरणा से बनी शिवसेना को तोड़ने की कोशिश की। उन्हें छत्रपति के चरणों में स्थान नहीं मिलेगा।

# घिबली पर महाराष्ट्र साइबर सेल की चेतावनी

## डेटा लीक और गोपनीयता हनन की आशंका, यूजर्स से सतर्क रहने की अपील

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

देशभर में तेजी से लोकप्रिय हो रही 'घिबली स्टाइल आर्ट' को लेकर महाराष्ट्र साइबर सेल ने गंभीर चिंता जताई है। साइबर सेल ने एक एडवायजरी जारी करते हुए इस आर्ट स्टाइल से जुड़ी एआई तकनीकों को खतरनाक बताया है और लोगों से इसका इस्तेमाल न करने की अपील की है। एडवायजरी के मुताबिक, घिबली आर्ट और खासकर ₹रिवर्स घिबली स्टाइल आर्ट₹ के ज़रिए विदेशी कंपनियों द्वारा भारतीय यूजर्स का डेटा एकत्र किया जा रहा है, जिसका इस्तेमाल उनकी सहमति के बिना किया जा सकता है। इससे न केवल उनकी निजता भंग हो सकती है, बल्कि उनकी पहचान भी खतरे में पड़ सकती है।



> चेहरा केवल चेहरा नहीं, बल्कि एक बायोमेट्रिक पहचान है। एक बार कैप्चर हो जाने के बाद, उसका दुरुपयोग आसान हो जाता है। इससे पहचान की चोरी, डेटा उल्लंघन और अनधिकृत निगरानी जैसी घटनाएं हो सकती हैं।
>
> **-यशस्वी यादव,** महाराष्ट्र साइबर सेल के डीआईजी

### क्या है घिबली आर्ट का खतरा?

साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, घिबली आर्ट एआई प्लेटफॉर्म पर फोटो अपलोड करने के दौरान यूजर की डिवाइस की फाइलों तक पहुंच की अनुमति मांगी जाती है। यही नहीं, इन ऐप्स और टूल्स द्वारा अपलोड की गई छवियों का बड़े पैमाने पर डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिसका उपयोग न केवल मॉडल ट्रेनिंग में, बल्कि अन्य गैर-जरूरी और खतरनाक उद्देश्यों के लिए भी किया जा सकता है।

# तेलंगाना में 22 नक्सलियों ने किया समर्पण



**एजेंसी | हैदराबाद**

तेलंगाना के मुलुगु जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के 22 नक्सलियों ने पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार समर्पण करने वालों में तीन क्षेत्रीय समिति सदस्य हैं जो सैकड़ों सुरक्षाकर्मियों की हत्या में शामिल थे। उसके अलावा 1 पार्टी सदस्य जबकि 18 'रिवोल्यूशनरी पीपुल्स कमेटी के सदस्यों ने समर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक शबरीश पी ने नक्सलियों से समर्पण कर शांतिपूर्ण जीवन जीने की अपील की थी।

# वसई-नालासोपारा में दो युवाओं ने की आत्महत्या



डीबीडी संवाददाता | वसई/नालासोपारा

वसई और नालासोपारा में गुरुवार को दो अलग-अलग आत्महत्या की घटनाएं सामने आईं, जिससे एक बार फिर वसई-विरार क्षेत्र में आत्महत्याओं का गंभीर संकट उजागर हुआ है। इन घटनाओं में एक 14 वर्षीय किशोर और एक 18 वर्षीय युवक शामिल हैं।

### मोरगांव में युवक ने बाथरूम में दी जान

दूसरी घटना नालासोपारा-पूर्व के मोरगांव क्षेत्र की है। 18 वर्षीय विष्णु गवाने ने अपने घर के बाथरूम में लोहे के एंगल से लटककर आत्महत्या कर ली। इस मामले में तुलिंज पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मृत्यु दर्ज की गई है।

## डीबीडी इंफोग्राफ

### तीन महीनों में कई चौंकाने वाली घटनाएं

- 4 अप्रैल को 20 वर्षीय आर्यन सिंह ने गेम की लत और डिप्रेशन के चलते जान दे दी।
- 31 मार्च को विरार में 12 वर्षीय स्पर्श पाटील ने आत्महत्या की।
- 19 मार्च को 27 वर्षीय श्रेय अग्रवाल ने गैस से खुद को खत्म कर लिया।
- 27 फरवरी को उदय काजवा ने पत्नी और बच्चों की हत्या के बाद खुदकुशी की।
- 9 जनवरी को डॉक्टर डेलिसा परेरा ने फांसी लगाई।

### आंकड़े दे रहे हैं चेतावनी

2024 में मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में 440 आत्महत्याएं दर्ज हुईं। पिछले 5 वर्षों में यह संख्या 1500 तक पहुंच चुकी है। सबसे ज्यादा मौतें फांसी के जरिए हुई हैं।

### भोयदापाड़ा में किशोर ने लगाई फांसी

पहली घटना वसई-पूर्व के भोयदापाड़ा इलाके की है, जहां 14 वर्षीय गणेश साहू ने घर पर अकेले होने के दौरान पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में वालीव पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**मकान के आकलन के लिए मांगे थे 5 हजार रुपए**



डीबीडी संवाददाता | रायगढ़

रायगढ़ जिले की पेण तहसील के मलेघर ग्राम पंचायत के अधिकारी परमेश्वर सवाईराम जाधव को नवी मुंबई एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। वह शिकायतकर्ता से मकान के आकलन (उतारा) की रिपोर्ट देने के एवज में 5 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। ACB अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 2:15 बजे जब जाधव पेण तहसील की कृषि उपज मंडी समिति के गेट पर शिकायतकर्ता से रिश्वत की रकम ले रहे थे, तभी एसीबी टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

### शिकायतकर्ता स्वयं हैं वकील

शिकायतकर्ता एक वरिष्ठ वकील हैं। उम्र अधिक होने के कारण उन्होंने अपने प्रतिनिधि के माध्यम से पावर ऑफ अटॉर्नी पेश किया था। 10 अप्रैल को जब उन्होंने मलेघर ग्राम पंचायत के अधिकारी से संपर्क कर मकान के आकलन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली, तो अधिकारी ने इसके लिए 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद नवी मुंबई एंटी करप्शन ब्यूरो ने मामले की जांच कर कार्रवाई की योजना बनाई। अगले दिन तय समय पर जैसे ही जाधव ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने उन्हें रंगेहाथ दबोच लिया।

### ठाणे एसीबी का खुलासा

ठाणे एसीबी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। अधिकारी द्वारा की गई यह रिश्वतखोरी पंचायत व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है और भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की आवश्यकता को उजागर करती है।

# सुप्रीम एंपरर बिल्डिंग के रहवासियों से न्यू घरपट्टी के नाम पर हो रही लूट

डीबीडी संवाददाता | विरार

न्यू घरपट्टी के नाम पर वसई विरार महानगरपालिका के अधिकारी व नेताओं की मिली भगत से रहवासियों के साथ लूट हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुप्रीम एंपरर बिल्डिंग के रहवासियों से न्यू घरपट्टी के नाम पर हो लूट हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार नायगांव क्षेत्र में डॉन बॉस्को स्कूल के पीछे स्थित सुप्रीम एंपरर नामक बिल्डिंग के रहवासियों से न्यू घरपट्टी लगाने के नाम पर मनपा सहायक आयुक्त समीर भूमकर और घरपट्टी अधिकारी राजेंद्र कदम के आदेश पर गीता मोटे, चेतन घरात लूट रहे हैं।




### चेतन घरात पर लोगों को गुमराह कर लूटने का आरोप

BVA कार्यकर्ता चेतन घरात पर नायगांव पूर्व में पूर्व सभापति कन्हैया बेटा भोईर और पूर्व उपमहापौर नारायण मानकर के साथ मिलकर स्थानीय रहवासियों से जबरन घरपट्टी (maintenance fee) वसूलने का आरोप लगा है। 1 BHK फ्लैट धारकों से 17,000 रुपए और 2 BHK वालों से 22,000 रुपए की मांग की जा रही है। आरोप है कि यह वसूली अधिकारियों की मिलीभगत से की जा रही है, जबकि इन सोसाइटियों को बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं।

### 'घरपट्टी' नहीं दी तो घर सील करने की धमकी

रहवासियों का आरोप है कि चेतन घरात और उनके साथियों द्वारा धमकी दी जा रही है कि यदि मांगी गई रकम नहीं दी गई तो पानी और बिजली जैसी जरूरी सुविधाएं बंद कर दी जाएंगी। यहां तक कि अधिकारियों जैसे सहायक आयुक्त समीर भूमकर और घरपट्टी अधिकारी राजेंद्र कदम ने भी नेताजी का नाम लेकर दबाव बनाने की कोशिश की।

### जनता सहमी, जवाबदेही कोई नहीं

रहवासी सवाल कर रहे हैं कि जो लोग दिनभर काम कर देर रात घर लौटते हैं, वे कैसे अचानक बुलाई गई मीटिंगों में शामिल होंगे और इन मुद्दों पर अपनी बात रख पाएंगे। मीटिंगों में कोई नेता का सहारा लेता है तो कोई मीडिया के पास पहुंचता है, लेकिन फ्लैट धारकों को न्याय कौन देगा, यह सबसे बड़ा सवाल बन गया है।


## Government of Maharashtra

**Public Works Department**
**North Mumbai (P.W.) Division, Andheri**
**Telephone No. 022-26231964**

**E-Tender Notice No.3 of 2025-2026**

**E-mail address:-northmumbai.ee@mahapwd.com**
**Telephone/Fax Number :- 26231964/26205788**

E-Tender for the following work in B-1 Form is invited via online e-tendering system from the **Mumbai Sub-urban District (Western Suburb) Labour Co-operative Society Ltd. Mumbai.** Registered with Govt. of Maharashtra in P.W.D, by the Executive Engineer, North Mumbai (P.W.) Division, Andheri (w), Mumbai-58 on behalf of Government of Maharashtra. Tender Documents can be downloaded from Government of Maharashtra portal **https://mahatenders.gov.in** The Societies can apply as per their Sub-urban area only as mentioned in Colum 4. No other societies shall be entertained.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost Rs. |
|---|---|---|
| 1 | Improvement to Officers Toilet Block & Hostel Area Toilet Block at 1st Floor & Misc Work Fire Training Center Building Santacruz east | Rs. 3759242/- |
| 2 | Improvement to Officers Toilet Block & Hostel Area Toilet Block at 2nd Floor & Misc Work Fire Training Center Building Santacruz east | Rs. 3762946/- |
| 3 | Improvement to Officers Toilet Block & Hostel Area Toilet Block at 3rd Floor & Misc Work Fire Training Center Building Santacruz east | Rs. 3766778/- |
| 4 | Improvement to Officers Toilet Block & Hostel Area Toilet Block at 4th Floor & Misc Work Fire Training Center Building Santacruz east | Rs. 3755603/- |
| 5 | Improvement to Officers Toilet Block & Hostel Area Toilet Block at 5th Floor & Misc Work Fire Training Center Building Santacruz east | Rs. 3760817/- |
| 6 | Improvement to Officers Toilet Block & Hostel Area Toilet Block at 6th Floor & Misc Work Fire Training Center Building Santacruz east | Rs. 3765501/- |
| 7 | Improvement to Officers Toilet Block & Hostel Area Toilet Block at 7th Floor & Misc Work Fire Training Center Building Santacruz east | Rs. 3770611/- |
| 8 | Improvement to Drainage Inspection Chamber & Misc Work at Fire Training Center Building Santacruz (E.), Mumbai | Rs. 4885335/- |
| 9 | Improvement to Water Supply Line & Misc Works at Fire Training Center Building Santacruz (E.), Mumbai | Rs. 4885271/- |
| 10 | SLR to Repairs door windows, Plaster & Painting and other Civil Works at Training Center Bldg No.1 Goregaon (E) Mumbai. | Rs. 1684990/- |

**The Executive Engineer, North Mumbai (P.W.) Division, Andheri (W) Reserves right to Accept or Reject any offer. Conditional offers will not be accepted.**
All registered contractor should note
**E-Tender Submission Date-15/04/2025 to 22/04/2025 Hrs. 15:00**
**E-Tender Opening Date - 23/04/2025 Hrs. 15:00**

No.EE/NMD/2852 of 2025
Office of the Executive Engineer,
North Mumbai (P.W.) Division,
Dadabhai Road, Near Bhavan's College,
Andheri (West), Mumbai-400 058.
Date: 7 APR 2025
**DGIPR/2025-26/C-184**

**Sd/-**
**Executive Engineer,**
**North Mumbai (P.W.) Division,**
**Andheri (West), Mumbai**


# चेंबूर फायरिंग केस सुलझा

**मास्टरमाइंड मीरा रोड से, शूटर धारावी से गिरफ्तार**

**क्राइम ब्रांच ने 48 घंटे में किया पर्दाफाश**



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

चेंबूर में बिल्डर सदरुद्दीन खान पर हुई फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महज 48 घंटे में मुंबई क्राइम ब्रांच और जोन-6 की टीमों ने इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड और मुख्य शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार रात हुई गोलीबारी में पारसिक हिल्स, बेलापुर निवासी 50 वर्षीय बिल्डर सदरुद्दीन खान घायल हो गए थे। उन्हें जैन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद न सिर्फ इलाके में दहशत फैल गई, बल्कि पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए चेंबूर पुलिस, परिमंडल-6 डीसीपी स्क्वाड और मुंबई क्राइम ब्रांच की कई टीमें जांच में जुट गईं। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज और खबरी तंत्र की मदद से पुलिस को अहम सुराग मिले। फायरिंग के मुख्य साजिशकर्ता फिरोज बदरुद्दीन खान (54), निवासी सांताक्रूज, को मीरा रोड (पूर्व) के नया नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

# नालासोपारा में ड्रग्स तस्करी करते नाइजीरियन नागरिक गिरफ्तार

**11.5 लाख की एम.डी. ड्रग्स जब्त**

डीबीडी संवाददाता | नालासोपारा

मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के क्राइम ब्रांच सेल 3 ने ड्रग्स तस्करी में लिप्त एक नाइजीरियन नागरिक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 46 ग्राम मेफोड्रोन (एम.डी.) बरामद हुआ है, जिसकी बाजार कीमत करीब 11.5 लाख रुपए बताई जा रही है।

### गश्त के दौरान पुलिस की सतर्कता से खुला मामला

11 अप्रैल की रात करीब एक बजे आचोले पुलिस स्टेशन सीमा में स्थित कैपिटल मॉल के पास एक नाइजीरियन व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में घूम रहा था। पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे के निर्देश पर सहायक पुलिस निरीक्षक सुहास कांबले और उनकी टीम गश्त कर रही थी। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को रोका और पूछताछ की, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।




### तलाशी में निकली भारी मात्रा में एम.डी. ड्रग्स

संदेह गहराने पर दो पंचों की उपस्थिति में उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से हल्के भूरे रंग का 46 ग्राम मेफोड्रोन पाउडर बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की उम्र 36 वर्ष है और वह सेक्टर 6, एवरशाइन सिटी, वसई-पूर्व में रहता है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में आरोपी के खिलाफ आचोले पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है कि आरोपी किन-किन लोगों से जुड़ा था और यह ड्रग्स कहां से लाया गया था।

# पश्चिम बंगाल में हत्या, डोंबिवली में गिरफ्तारी

**पत्नी से अवैध संबंध के शक में की थी हत्या**

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली/कोलकाता

पत्नी से अवैध संबंध के शक में कथित प्रेमी की हत्या के मामले में फरार आरोपी को डोंबिवली से गिरफ्तार कर लिया गया है। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के डांकुनी में इस साल फरवरी महीने में बंटी साव नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप अनिल साव और सिराज शाह नामक दो युवकों पर था।



### बंगाल से फरार होकर डोंबिवली में छिपा था आरोपी

मुख्य आरोपी अनिल साव को बंगाल पुलिस ने घटना के कुछ समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन दूसरा आरोपी सिराज शाह फरार हो गया था। वह बंगाल से भागकर डोंबिवली आ गया और मानपाड़ा पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक कंपनी में मजदूर बनकर रह रहा था। बंगाल पुलिस ने मानपाड़ा पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक विजय कदबाने को इस बारे में सूचित किया। डीसीपी अतुल झेंडे के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिसकर्मी महेश रालेभात को मुखबिर से सिराज शाह की मौजूदगी की जानकारी मिली। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने सिराज को धर दबोचा। पकड़े जाने के बाद आरोपी को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बंगाल पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया।

# मोबाइल झपटमारी करने वाला सीरियल चोर गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

मिलाप नगर में एक युवक का मोबाइल झपटकर फरार हुए आरोपी को मानपाड़ा पुलिस ने कल्याण-गोविंदवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान हंजला लियाकत खान के रूप में हुई है, जो पहले से ही चोरी के चार मामलों में वांछित था। घटना 24 मार्च की है, जब ओमकार जगन्नाथ पवार मोबाइल पर बात करते हुए पोटोबा होटल के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान स्कूटी सवार एक युवक ने उनका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गया। शिकायत मानपाड़ा पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कल्याण-गोविंदवाड़ी इलाके में




रहता है। पुलिस ने रेतीबंदर परिसर में जाल बिछाकर एक संदिग्ध युवक को रोका। पूछताछ में उसने अपना नाम हंजला लियाकत खान बताया और अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ पहले से ही चार चोरी के मामले दर्ज हैं। मानपाड़ा पुलिस ने आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल समेत कुल 96 हजार रुपए का माल जब्त किया है। आगे की जांच जारी है।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अस्पताल, कांदिवली (पश्चिम) मुंबई - 400067**
**संख्या. एचओ/बीडीबीएएच/11659/एसआर ,दिनांक 11/04/2025**

### ई-निविदा सूचना

चिकित्सा अधीक्षक, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर नगर सामान्य अस्पताल,कांदिवली (पश्चिम), मुंबई - 400 067. निम्नलिखित कार्य के लिए तीन चरण की बोली ई-निविदा आमंत्रित करता है।

ई-निविदा सूचना के बारे में विवरण वेबसाइट https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होगा ई-निविदा का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. | विवरण- | ई-निविदा संख्या | निविदा शुल्क- | ईएमडी | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | द्वितीय तल कार्यालय के नवीनीकरण, विद्युतीकरण और उन्नयन के साथ संबद्ध कार्य | 2025_MCGM_ 1164761_1 | रु. 1452/- +18% जीएसटी | 10000/- | 12/04/2025 11.00 बजे तक | 19/04/2025 11.00 बजे |

नोटः-बयाना जमा (ईएमडी) का ऑनलाइन भुगतान अंतिम तिथि निर्धारित तिथि और समय से पहले है।

- यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो उसे केवल बीएमसी और महाटेंडर वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

मनपा आयुक्त किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए सभी या किसी भी ई-टेंडर को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

**हस्ता.**
**उप. चिकित्सा अधीक्षक**
**भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अस्पताल, कांदिवली (पश्चिम)**

**पीआरओ/109/विज्ञा./2025-26**

**हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।**



## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर

### शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरामधील खाली नमुद ०५ कामे योग्य वर्गातील ठेकेदाराकडून निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शर्तीस अधिन राहून दिनांक १२/०४/२०२५ रोजी निविदा मागविण्याकरीता प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नांव | रक्कम | टक्केवारी | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | उमपा/साबांवि/नोटीस २०२४-२५/५/१ | उल्हासनगर-५ पॅनल क्र.१९ (अ) मधील कैलाश कॉलनी येथील आर्शिवाद चाळ जवळ आणि आजूबाजूचा परिसर येथे सी.सी. पेव्हमेंट व नाली बनविणे. | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |
| २ | उमपा/साबांवि/नोटीस /२०२४-२५/५/२ | उल्हासनगर-५ पॅनल क्र.१९ (अ) मधील केलाश कॉलनी येथील संतोष यांचे घरापासून ते साईबाबा मंदिर आणि आजूबाजूचा परिसर येथे सी.सी. पेव्हमेंट व नाली बनविणे. | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |
| ३ | उमपा/साबांवि/नोटीस २०२४-२५/५/३ | उल्हासनगर-५ पॅनल क्र.१९ (अ) मधील वीर तानाजी नगर येथील उमपा शौचालय पासून ते शंकर टी स्टॉल आणि आजूबाजूचा परिसर येथे सी.सी. पेव्हमेंट व नाली बनविणे. | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |
| ४ | उमपा/साबांवि/नोटीस २०२४-२५/५/४ | उल्हासनगर-५ पॅनल क्र.१९ (अ) मधील वीर तानाजी नगर येथील गिरी महाराज यांचे घराजवळ आणि आजूबाजूचा परिसर येथे सी.सी. पेव्हमेंट व नाली बनविणे. | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |
| ५ | उमपा/साबांवि/नोटीस २०२४-२५/५/५ | उल्हासनगर-५ पॅनल क्र.१९ (अ) मधील तुकाराम पाटील चाळ येथील गणेश चौगुले यांचे घराजवळ आणि आजूबाजूचा परिसर येथे सी.सी. पेव्हमेंट व नाली बनविणे. | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |

जा. क्र. उमपा/ पीआरओ /४२/२५
दिनांक: ११/०४/२०२५

सही/-
कार्यकारी अभियंता (साबांवि)
उल्हासनगर महानगरपालिका


# नए कमिश्नर अभिनव गोयल ने स्वीकार किया पदभार



डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका में कमिश्नर इंदुरानी जाखड़ के तत्कालीन तबादले के बाद नए कमिश्नर अभिनव गोयल ने अपना पदभार ग्रहण किया। अभिनव गोयल ने बताया कि उनका प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को सुगम, तीव्र और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि मनपा में चल रहे विभिन्न परियोजनाओं और कार्यों में तेजी लाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। गोयल ने उल्लेख किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके प्रशासन को अधिक जन-उन्मुख बनाया जाएगा।

# मुंबई हमले के अलावा कई अन्य शहरों में थी साजिश



- एनआईए जांच के लिए राणा को अलग-अलग स्थानों पर ले जा सकती है
- 18 दिन की एनआईए हिरासत में रहेगा तहव्वुर
- 20 दिन हिरासत की मांग एनआईए ने की थी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नई दिल्ली

मुंबई 26/11 हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक तहव्वुर हुसैन राणा के पास मुंबई की तरह दूसरे शहरों के लिए भी साजिश थी। सूत्रों के अनुसार अमेरिका से राणा के भारत प्रत्यर्पण के बाद दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में गुरुवार देर रात हुई पेशी के दौरान (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) एनआईए ने अदालत को ये जानकारी दी है। तहव्वुर राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में विशेष जज चंदर जीत सिंह की अदालत में पेश किया गया। देर रात तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने राणा को शुक्रवार तड़के करीब ढ़ाई बजे 18 दिन के लिए एनआईए हिरासत में भेज दिया। एनआईए ने 20 दिन की हिरासत मांगी थी। अदालत ने एनआईए को आदेश दिया है कि हर 24 घंटे में राणा की मेडिकल जांच होगी। राणा के वकील पीयूष सचदेवा हर एक दिन के अंतराल पर उससे मुलाकात करेंगे। इस दौरान एनआईए के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कोर्ट ने राणा को अनुमति दी है कि वे सिर्फ सॉफ्ट टिप पेन का इस्तेमाल करेगा। बहस के दौरान एनआईए ने अदालत को बताया कि राणा की हिरासत साजिश की तह तक पहुंचने के लिए जरूरी है। एजेंसी ने ये भी कहा कि राणा को हम अलग-अलग स्थानों पर ले जाना चाहते हैं जिससे करीब 16 साल पहले हुई घटना से जुड़े तथ्य सामने आ सकें। तहव्वुर राणा की कोर्ट में पेशी और सुनवाई के दौरान एनआईएए के डीआईजी, एक आईजी, दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी भी मौजूद रहे।

### गहन पूछताछ के लिए लंबी हिरासत जरूरी

सूत्रों की मानें तो एनआईए ने अदालत में कहा कि लंबे समय तक राणा की हिरासत उससे गहन पूछताछ के लिए जरूरी है। पूछताछ के जरिए ही मुंबई हमले समेत दूसरी साजिशों से पर्दा उठेगा। एनआईए ने कहा, हमें संदेह है कि जिस तरह की रणनीति मुंबई हमले में इस्तेमाल हुई, उसी तरह की रणनीति क्या राणा के पास दूसरे शहरों को लेकर भी थी। हम राणा को हिरासत में लेकर यही पूछना चाहते हैं।

### एनआईए मुख्यालय की सुरक्षित सेल में राणा

राणा को एनआईए मुख्यालय के प्रथम तल पर बेहद सुरक्षित सेल में उच्च स्तर की निगरानी में रखा गया है। उसे 14 गुणा 14 के कमरे में रखा गया है। यहां एनआईए के बारह अफसरो को आवाजाही की इजाजत है। उससे पूछताछ तीसरे तल पर इन्टरोगेशन कक्ष में चल रही है।

### कड़ी जोड़ने के लिए नाट्य रुपांतरण

सूत्रों की मानें तो एनआईए करीब 16 साल पहले हुए हमले से जुड़े साक्ष्यों की कड़ी जोड़ने के लिए राणा को अलग-अलग शहरों याय स्थानों पर लेकर जा सकती है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी क्राइम सीन का नाट्य रुपांतरण भी करेगी जिससे साजिश की हर परत से पर्दा उठ सके। एक अधिकारी ने कहा कि एनआईए के पास जिस तरह के सबूत हैं उससे साफ है कि साजिश का दायरा काफी बड़ा था।

### रेकी के पीछे की मंशा खंगाल रही एजेंसी

सूत्रों ने कहा जिस तरह से रेकी के लिए कई जगहों को चुना गया था उसके पीछे की मंशा को एनआईए सवाल जवाब में खंगाल रही है। एनआईए के सवालों पर राणा का रुख क्या है यह अभी पता नहीं चला है लेकिन एनआईए से पूछताछ में शामिल अफसरों के पास ठोस सबूतों की ऐसी फेहरिश्त है जिससे राणा का मुकरना आसान नहीं है।

### राणा का हर बयान किया जा रहा रिकॉर्ड

सूत्रों की मानें तो राणा के हर बयान की रिकार्डिंग की जा रही है। डिजिटली सबूतों को एकत्र किया जा रहा। राणा का हर बयान डायरी में नोट किया जाएगा, इसके लिए रोजाना पूछताछ की एक डायरी बनेगी। पूछताछ पूरी होने के बाद डिस्क्लोजर स्टेटमेंट में उसे रिकार्ड किया जाएगा। इसकी समरी बनाकर अदालत में पेश की जाएगी।

### कई एजेंसियां करना चाहती है पूछताछ

राणा से एनआईए के अलावा रॉ, आईबी, मुंबई की स्पेशल सेल के अलावा करीब आठ जांच एजेंसियां पूछताछ करना चाहती हैं। हालांकि कौन पूछताछ में शामिल होगा इसके लिए एनआईए की अनुमति जरूरी होगी।

### साजिश की जानकारी पाक में किसको थी

एनआईए को पूछताछ में पता चलता है कि मुंबई जैसे हमले की साजिश दूसरे शहरों के लिए भी रची थी तो एनआईए इसे पुख्ता करने के लिए पूछताछ का दायरा विस्तृत कर सकती है। एनआईए यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि साजिश किस स्तर पर रची गई थी और पाकिस्तान में किन किन लोगों को इस साजिश के बारे में पता था।

### एनआईए मुख्यालय के पास सुरक्षा कड़ी

एनआईए को राणा की हिरासत मिलने के बाद एजेंसी के मुख्यालय के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए मुख्यालय के आसपास अतिरिक्त पुलिस और अद्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। कोई भी सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता है। सुरक्षाबलों की एक टीम पूरे इलाके में सीसीटीवी से नजर रख रही है जिससे संदिग्ध गतिविधि का पता चल सके।

### अमेरिका- भारत आतंक से मिलकर लड़ेंगे

राणा के भारत प्रत्यर्पण के बाद अमेरिका ने कहा है कि आतंक के खिलाफ अमेरिका और भारत मिलकर लड़ेंगे। अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रुस ने कहा कि मुंबई हमले का आरोपी भारतीय की न्याय प्रणाली से होकर गुजरेगा और अमेरिकी समेत सभी पीड़ितों को न्याय मिलेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही कह चुके हैं दोनों देश मिलकर विश्व स्तर पर आतंक के खात्मे के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

### क्या होता है सॉफ्ट टिप पेन?

अदालत ने राणा को लिखने के लिए जिस सॉफ्ट टिप पेन का इस्तेमाल करने का आदेश दिया है। ये पेन वर्ष 1960 से चलन में है। पेन की निब विशेष तरह के नरम प्लास्टिक से बनी होती है। ये स्याही वाला पेन होता है। जानकारों का कहना है कि इस तरह के पेन से जेल में बंद कोई व्यक्ति खुद को गंभीर या जानलेवा नुकसान नहीं पहुंचा सकता है।

## मुंबई वासियों के जख्मों पर लगा मरहम : फडणवीस



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को मुंबई में कहा कि 26/11 हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण से मुंबईवासियों के जख्मों पर जैसे मरहम लग गया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि 26 नवम्बर, 2008 के हमलों में मुम्बई की कई इमारतों और भीड़भाड़ वाले स्थानों को निशाना बनाया गया था। इसमें 166 लोग मारे गए और 238 से अधिक घायल हुए थे। इस घटना के आरोपित कसाब को उसी समय पकड़ लिया गया था और उसे कानूनी प्रक्रिया पूरी कर फांसी दे दी गई थी। घटना की साजिश रचने वाले को तहव्वुर राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पण किया गया है। यह हमारी जिम्मेदारी थी कि कसाब को कानून के अनुसार फांसी दी जाए, लेकिन साजिशकर्ता हमारी हिरासत में नहीं था। वह अब एनआईए के पास हैं और वे मामले की जांच कर रहे हैं। अब एनआईए जांच और कानूनी प्रक्रियाओं पर विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमें जो भी जानकारी चाहिए होगी, हम एनआईए से लेंगे और अगर उन्हें किसी मदद की जरूरत होगी, तो हम मुंबई पुलिस के जरिए करेंगे।

# गर्भवती महिला की मौत पर बवाल

- कांग्रेस ने की मांगी दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल मामले में एसआईटी जांच की मांग
- हर्षवर्धन सपकाल बोले- डॉक्टरों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हो




**मुंबई/पुणे।** दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल पर गर्भवती महिला को भर्ती न करने के आरोपों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अब कांग्रेस ने इस मामले में एसआईटी जांच की मांग की है। पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शुक्रवार को कहा कि इस पूरे मामले की जांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (SIT) से कराई जाए और दोषी डॉक्टरों व कर्मचारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया जाए।

### 10 लाख रुपये जमा करने के बाद भी नहीं किया भर्ती

आरोप है कि अस्पताल ने गर्भवती महिला तनीषा भिसे को 10 लाख रुपये जमा करने के बावजूद भर्ती करने से इनकार कर दिया था। बाद में उन्होंने दूसरे अस्पताल में जुड़वां बेटियों को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही समय बाद उनकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर चार सदस्यीय जांच समिति ने भी अस्पताल पर नियमों के उल्लंघन की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल ने आपातकालीन मामलों में अग्रिम भुगतान न मांगने संबंधी नियम का उल्लंघन किया।

### सरकार पर लीपापोती का आरोप

सपकाल ने कहा कि इस मामले में दो रिपोर्टों ने अस्पताल को दोषी ठहराया है, जबकि तीसरी रिपोर्ट में लीपापोती की कोशिश की गई है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। साथ ही उन्होंने मंगेशकर परिवार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

### 'फुले' फिल्म पर भी सरकार को घेरा

सपकाल ने समाज सुधारक महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' को लेकर भी केंद्र सरकार और सीबीएफसी पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड ने कुछ दृश्यों को हटाने का सुझाव देकर इतिहास को दबाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, "सीबीएफसी ने ब्राह्मण समुदाय की आपत्ति के बाद सावित्रीबाई के उत्पीड़न को दिखाने वाले दृश्यों को हटाने की सलाह दी है।

# ड्रग तस्करों का विरोध करने पर युवक की हत्या



- चार आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। बांद्रा में ड्रग तस्करी का विरोध करना एक युवक को जान गंवाकर चुकाना पड़ा। गुरुवार रात दरगाह गली इलाके में ड्रग तस्करों ने 35 वर्षीय शाकिर अली की हत्या कर दी और उनके दो परिजनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी इमरान पठान, फातिमा जाकिर अली उर्फ कायनात, उस्मान जाकिर अली और जाकिर अली सेंडोले गुरुवार देर रात शाकिर अली के घर में जबरन घुसे और मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में शाकिर, उनकी भाभी शिरीन और भतीजा अफजल गंभीर रूप से घायल हो गए।


## मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

टेलीफोन नं. -022-66405484, ई-मेल - eecityslum@gmail.com

संदर्भ संख्या. ईई/सिटी/एमएसआईबी/ई-टेंडर/06/2025-26

**ई-टेंडर नोटिस संख्या 06**

कार्यकारी अभियंता (सिटी) डिवीजन, मुंबई स्लम इम्प्रूवमेंट बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा नंबर 539, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405484 पंजीकृत ठेकेदारों से संबंधित उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदार या किसी सरकारी/अर्धसरकारी संगठन से ऑनलाइन ई-टेंडरिंग सिस्टम के माध्यम से बी-1 (प्रतिशत दर) के रूप में 07 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-टेंडर आमंत्रित कर रहा है। विस्तृत टेंडर नोटिस और टेंडर दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से उपलब्ध होंगे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज बिक्री दिनांक **16.04.2025, प्रातः 01.00** बजे से शुरू होकर दस्तावेज बिक्री समाप्ति दिनांक **23.04.2025, सायं 5.35** बजे तक होगी। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/288

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (शहर),
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण


# कांग्रेस ने बार-बार किया डॉ. अंबेडकर का अपमान : अर्जुन मेघवाल

- भाजपा का 'सम्मान अभियान', प्रदेशभर में होंगे कार्यक्रम



**मुंबई।** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का बार-बार अपमान किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा बाबा साहब के विचारों और योगदान को सम्मान दिया है। वे मुंबई में भाजपा द्वारा आयोजित 'डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सम्मान अभियान' की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्ष द्वारा बाबा साहब और संविधान को लेकर फैलाए जा रहे झूठ को बेनकाब करें और लोगों तक सच्चाई पहुंचाएं।

### सम्मान अभियान की 15 दिवसीय रूपरेखा तैयार

इस अवसर पर 13 से 25 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में चलने वाले सम्मान अभियान के कार्यक्रमों की योजना साझा की गई। 13 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं व स्मारकों की सफाई की जाएगी। 14 अप्रैल को उनकी जयंती पर बधाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### भाजपा ने अंबेडकर को दी सच्ची श्रद्धांजलि

मेघवाल ने कहा कि भाजपा ने पंचतीर्थ, संविधान गौरव यात्रा, दीक्षाभूमि का विकास, और संसद के सेंट्रल हॉल में बाबा साहब के तैलचित्र की स्थापना जैसे कदमों से उनका सम्मान किया है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने अंबेडकर को संविधान सभा में पिछड़े वर्गों के लिए जरूरी प्रावधान करने से रोका, और उन्हें चुनाव में हराने की भी कोशिश की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कांबले, मुंबई अध्यक्ष शरद कांबले, भाजपा महासचिव माधवी नाईक, वरिष्ठ नेता भाई गिरकर, अभियान संयोजक भरत पाटिल सहित कई नेता उपस्थित थे।


MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**SRM Ist CALL E-TENDER NOTICE**

**MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed & registered Electrical contractors on Mahatransco Website https://srmetender.mahatransco.in for the following Tender Specification.**

| | |
|---|---|
| Tender No.: E-Tender - 20/2025-26<br>Name of Tender: Ist call E-Tender for "AMC of various O&M works under planned/ emergency/ breakdown at various Substations under EHV (O&M) Dn., Bhandup for FY 2025-26."<br>Tender Fee :- Rs. 500 /- + applicable GST<br>**RFx No.- 7000036101** | **Online Downloading the RFx : Dt. 12.04.2025,10:00 Hrs. to Dt 27.04.2025,10:00 Hrs**<br>**Online Submission of the RFx :** On or Before Dt. **27.04.2025**, 10:00 Hrs.<br>**Online Opening of the Techno Commercial RFx** : Dt. **27.04.2025**, at 11:00 **Hrs.** (If possible).<br>**Online Opening of the Price bid:** Dt. **27.04.2025, at** 12:00 **Hrs.** (If possible) |

For further details visit our website :-
https://srmetender.mahatransco.in
Contact Person: -The DYEE Engineer (O) &
Mobile No. 9819927988
**Note :** All eligible Supplier/Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.

**Sd/-**
**Executive Engineer, EHV (O&M) Division Bhandup**



## उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर
### शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय

उल्हासनगर महानगरपालिका शहरामधील खाली नमुद ०४ कामे योग्य वर्गातील ठेकेदाराकडून निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शर्तीस अधिन राहून दिनांक १२/०४/२०२५ रोजी निविदा मागविण्याकरीता प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

| अ. क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नांव | रक्कम | टक्केवारी | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | उमपा/साबांवि/नोटीस /२०२४-२५/४/१ | उल्हासनगर-२ प्रभाग क्र.७ मधील रमाबाई आंबेडकर नगर येथील नागनाथ कांबळे यांचे घराजवळील शौचालय बनविणे | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |
| २ | उमपा/साबांवि/नोटीस /२०२४-२५/४/२ | उल्हासनगर-१ मधील साधुबेला शाळेजवळील नाला दुरुस्ती करणे | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |
| ३ | उमपा/साबांवि/नोटीस /२०२४-२५/४/३ | उल्हासनगर-१ मधील सत्यनारायण बंगलो हनुमान मंदिर येथे नाला, नाली बनविणे | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |
| ४ | उमपा/साबांवि/नोटीस २०२४-२५/४/४ | उल्हासनगर-३ मधील वडोलगाव येथील पुलावर ग्रील (संरक्षण बसविणे व संरक्षण भिंत बांधणे | १०००००० | १% | ३ महिने | VI TH |

जा.क. उमपा / पीआरओ/३४/२०२५
दिनांक ११/०४/२०२५

सही/-
कार्यकारी अभियंता (साबांवि)
उल्हासनगर महानगरपालिका



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन, मुंबई-400 022

संख्या. एल.टी.एम.जी./ई.क्यू.-03/टी 2025-26-11.04.25

**ई-निविदा सूचना**

यह एक ई-निविदा सूचना है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका(एमसीजीएम) के आयुक्त नीचे दिए गए तीन पैकेट सिस्टम में ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नामः एलटीएमजी अस्पताल के ब्लड बैंक विभाग के लिए स्टेरिल कनेक्टिंग डिवाइस वेफ़र्स मात्रा 50 बॉक्स की खरीद

| क्र. | विवरण | ई-टेंडर शुल्क (रु.) | ईएमडी (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की आरंभ तिथि और समय | ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एलटीएमजी अस्पताल के ब्लड बैंक विभाग के लिए स्टेरिल कनेक्टिंग डिवाइस वेफ़र्स मात्रा 50 बॉक्स की खरीद<br>बोली संख्या-<br>**2025_ MCGM_1168005_1** | रु. 3300/- प्लस जीएसटी @18% | रु. 28,000/- | 12/04/2025 04.00 अपराह्न (16:00 बजे) | 22/04/2025 04.00 अपराह्न (16:00 बजे) |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा के बारे में अधिक जानकारी के लिए महाटेंडर वेबसाइट http://www.mahatenders.gov.in पर जाएँ।
निविदा दस्तावेज डाक द्वारा जारी या प्राप्त नहीं किए जाएँगे।
पीआरओ/108/विज्ञा./2025-26

हस्ता./-
डीन
एल.टी.एम.जी. अस्पताल, सायन

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## संपादकीय

# ट्रंप का यू टर्न

कहा जाता है कि जिद्द के पक्के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमतौर पर अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं। यदि ऐसा कोई कदम उठाते हैं तो उसे असामान्य बात ही कहा जाएगा। लेकिन हाल ही में उनके उस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित 'पारस्परिक टैरिफ' को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दर्शाता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है। दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके 'अमेरिका ग्रेट अगेन' के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। वैसे अभी भी यह अनुमान लगाना मुश्किल ही है कि उनकी यह नई समझदारी निरंतरता के साथ स्थायी होगी भी या नहीं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है। जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं। बहरहाल, भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। बहरहाल, हाल में मिली राहत के बीच यह सुनिश्चित करने के लिये निरंतर बातचीत की आवश्यकता होगी कि भारत को लंबे समय तक भारी टैरिफ का बोझ न उठाना पड़े। साथ ही भारतीय हितधारकों को अधिक नुकसान से भी बचाया जाना चाहिए। वहीं चीन ने अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने के खिलाफ अंत तक व्यापार युद्ध लड़ने की कसम खाई है। उसने मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका विरोधी मोर्चा बनाने के लिये यूरोपीय संघ और आसियान के देशों से संपर्क साधा है। ऐसा लगता है कि चीन को इस बात का अहसास हो चला है कि टैरिफ युद्ध में वह अकेला ही अमेरिका का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि चीन भारत को संकेत दे रहा है कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों को मौजूदा कठिनाइयों को दूर करने के लिये एक साथ खड़ा होना चाहिए। हालांकि, भारत चीन के इस अवसरवाद को बखूबी समझता है। लेकिन एक मुश्किल बात यह है कि चीन और अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। लेकिन अतीत में चीन की भारत के खिलाफ जिस तरह की हरकतें रही हैं और जिस तरह वह दक्षिण एशिया में भारत की घेराबंदी कर रहा है, उसके मद्देनजर चीनी आकांक्षा के प्रति भारत को सतर्क प्रतिक्रिया देनी चाहिए। लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये बेहद सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

# जीवन जीने की कला सिखाते हैं राम भक्त हनुमान

हनुमान जी भारतीय संस्कृति और धर्म में एक अद्वितीय स्थान रखते हैं। रामायण के इस महान पात्र को न केवल एक शक्तिशाली योद्धा और भक्त के रूप में जाना जाता है, बल्कि वे एक ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व भी हैं जो हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। उनकी कहानियाँ, उनके गुण और उनका चरित्र हमें यह समझाते हैं कि जीवन की चुनौतियों का सामना कैसे करना चाहिए, अपने कर्तव्यों को कैसे निभाना चाहिए और एक संतुलित, सार्थक जीवन कैसे जीना चाहिए। हनुमान जी के जीवन से हमें जो शिक्षाएँ मिलती हैं, वे आज के आधुनिक युग में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी प्राचीन काल में थीं। हनुमान जी का सबसे प्रमुख गुण है उनकी भगवान राम के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण। रामायण में हनुमान जी का हर कार्य इस बात का प्रमाण है कि वे अपने स्वामी की सेवा में पूर्णतः समर्पित थे। चाहे वह लंका में सीता माता की खोज हो, संजीवनी बूटी लाने का कठिन कार्य हो, या रावण की सेना से युद्ध करना हो, हनुमान जी ने कभी अपने कर्तव्य से मुँह नहीं मोड़ा। यह हमें सिखाता है कि जीवन में सफलता और संतुष्टि तभी मिलती है जब हम अपने लक्ष्यों, परिवार, और समाज के प्रति निष्ठावान रहते हैं। आज के समय में, जहाँ लोग अक्सर स्वार्थ और तात्कालिक सुखों के पीछे भागते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें याद दिलाता है कि असली शक्ति और आनंद अपने कर्तव्यों को निभाने में है। उदाहरण के लिए, एक छात्र जो अपने अध्ययन के प्रति समर्पित रहता है, एक कर्मचारी जो अपने काम के प्रति निष्ठा रखता है, या एक माता-पिता जो अपने बच्चों की परवरिश में पूरी मेहनत करते हैं-ये सभी हनुमान जी की निष्ठा से प्रेरणा ले सकते हैं। जीवन में जब हम किसी उद्देश्य के प्रति समर्पित होते हैं, तो वह हमें एक दिशा देता है और हमारे कार्यों को सार्थक बनाता है। हनुमान जी की शक्ति का कोई मुकाबला नहीं था। वे पहाड़ उठा सकते थे, समुद्र लाँघ सकते थे, और राक्षसों की विशाल सेनाओं को परास्त कर सकते थे। लेकिन उनकी सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वे अपनी शक्ति का कभी अहंकार नहीं करते थे। वे हमेशा नम्र बने रहे और अपनी शक्ति का उपयोग केवल दूसरों की भलाई के लिए किया। सुंदरकांड में जब वे लंका पहुँचते हैं, तो वे अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के बजाय पहले स्थिति को समझते हैं और फिर उचित कदम उठाते हैं। यह हमें सिखाता है कि शक्ति तभी सार्थक है जब वह नम्रता के साथ हो। आज के समाज में लोग अक्सर अपनी सफलता, धन, या प्रभाव का दिखावा करते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें बताते हैं कि असली ताकत वह है जो दूसरों की मदद के लिए इस्तेमाल की जाए। उदाहरण के तौर पर, एक नेता जो अपनी शक्ति का उपयोग जनता की सेवा के लिए करता है, या एक शिक्षक जो अपने ज्ञान को नम्रता से छात्रों तक पहुँचाता है, वे हनुमान जी के इस गुण को अपनाते हैं। हमारे जीवन में भी, चाहे हम कितने ही सफल क्यों न हों, नम्रता हमें जमीन से जोड़े रखती है और हमारे रिश्तों को मजबूत बनाती है। हनुमान जी का जीवन साहस और आत्मविश्वास की मिसाल है। जब उन्हें लंका जाने का कार्य सौंपा गया, तो शुरू में वे संकोच में



थे। लेकिन जामवंत के प्रोत्साहन से उन्होंने अपनी शक्ति को पहचाना और समुद्र को लाँघ कर लंका पहुँच गए। यह घटना हमें सिखाती है कि हमारे अंदर भी अपार संभावनाएँ छिपी हैं, बस हमें अपने आप पर विश्वास करने की जरूरत है। हनुमान जी ने यह भी दिखाया कि साहस का मतलब सिर्फ शारीरिक बल नहीं, बल्कि मन की दृढ़ता भी है। आधुनिक जीवन में कई बार हम मुश्किलों से घबरा जाते हैं,चाहे वह नौकरी में असफलता हो, पारिवारिक समस्याएँ हों, या व्यक्तिगत चुनौतियाँ। हनुमान जी हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने डर को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उदाहरण के लिए, एक युवा जो नई नौकरी शुरू करने से डरता है, या एक उद्यमी जो व्यवसाय शुरू करने में हिचकिचाता है, वे हनुमान जी के साहस से सीख सकते हैं। आत्मविश्वास और साहस हमें न केवल मुश्किलों से लड़ने की ताकत देता है, बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाता है हनुमान जी का जीवन निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने कभी भी अपने लिए कुछ नहीं माँगा। चाहे वह सीता माता को ढूंढना हो, लक्ष्मण के लिए संजीवनी लाना हो, या राम की सेना की मदद करना हो, हनुमान जी ने हमेशा दूसरों की भलाई को प्राथमिकता दी। उनकी यह निस्वार्थता हमें सिखाती है कि जीवन का असली सुख दूसरों की मदद करने में है। आज के स्वार्थी युग में यह गुण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम अक्सर अपने लाभ के बारे में सोचते हैं, लेकिन हनुमान जी हमें याद दिलाते हैं कि जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं, तो वह न केवल समाज को बेहतर बनाता है, बल्कि हमें भी आंतरिक शांति देता है। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति जो जरूरतमंदों की मदद करता है, या एक स्वयंसेवक जो अपने समय को समाज सेवा में लगाता है। हमारे छोटे-छोटे प्रयास, थोड़ा प्रोत्साहित करना, किसी की सहायता करना भी निस्वार्थ सेवा का हिस्सा बन सकते हैं। लंका में उन्होंने अपनी बुद्धि का परिचय तब दिया जब वे सीता माता से मिले और उन्हें राम का संदेश पहुँचाया। उन्होंने स्थिति को भाँपकर सही समय पर सही कदम उठाया। रावण के दरबार में भी उनकी बुद्धिमत्ता और वाक्पटुता देखने लायक थी। यह हमें सिखाता है कि जीवन में केवल शक्ति या साहस ही काफी नहीं, बल्कि बुद्धि और विवेक का होना भी जरूरी है। आज के समय में, जहाँ हमें हर दिन कई निर्णय लेने पड़ते हैं, हनुमान जी का यह गुण हमें सही और गलत के बीच चयन करने में मदद कर सकता है। उदाहरण के तौर पर, एक व्यवसायी को अपने व्यापार में जोखिम और लाभ का आकलन करने के लिए विवेक चाहिए, या एक छात्र को अपनी पढ़ाई के लिए सही दिशा चुनने के लिए बुद्धि की जरूरत होती है। हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि भावनाओं में बहने के बजाय सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए। हनुमान जी के जीवन की ये शिक्षाएँ केवल धार्मिक या आध्यात्मिक संदर्भ तक सीमित नहीं हैं। आज के व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन में ये हमें एक संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण देती हैं। चाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो, सामाजिक जिम्मेदारियाँ हों, या कैरियर की चुनौतियाँ-हनुमान जी की शिक्षाएँ हर क्षेत्र में हमारा मार्गदर्शन कर सकती हैं। उनकी निष्ठा, नम्रता, साहस, निस्वार्थता और बुद्धि हमें यह समझाती है कि एक सार्थक जीवन कैसे जिया जा सकता है। वे हमें बताते हैं कि शक्ति का असली मतलब दूसरों की भलाई में है, और साहस का मतलब अपने डर को हराने में है। आज के समय में, जब हम तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितता से घिरे हैं, हनुमान जी का जीवन और उनकी शिक्षाएँ एक प्रकाश स्तंभ की तरह हमें सही रास्ता दिखाती हैं। यदि हम उनके इन गुणों को अपने जीवन में अपनाएँ, तो न केवल हमारा जीवन बेहतर होगा, बल्कि हम अपने आसपास के लोगों के लिए भी प्रेरणा बन सकते हैं। हनुमान जी का आशीर्वाद हमें हमेशा प्राप्त हो, और हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक संपूर्ण जीवन जी सकें।

## जीवन मंत्र

# जो जैसा सोचता है, वैसा बन जाता है

एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति हर कठिनाई में भी अवसर ढूंढता है। अगर किसी छात्र को यह विश्वास हो कि वह कठिन परीक्षा पास कर सकता है, तो वह मेहनत से पढ़ेगा, अभ्यास करेगा, और अंत में सफलता पाएगा।

जब हम किसी चीज़ के बारे में बार-बार सोचते हैं, तो वह हमारे अवचेतन मन में बैठ जाती है और हमारे निर्णय, आदतें और कर्म उसी दिशा में चलने लगते हैं। अगर हम अपने बारे में सोचते हैं कि हम साहसी, समझदार और सफल हो सकते हैं, तो हम वैसा ही बनने की दिशा में कदम बढ़ाते हैं। विचार हमारे मन का बीज हैं, और कर्म उस बीज से उपजा हुआ वृक्ष। सोच की शक्ति इतनी गहरी होती है कि वह हमारे आत्मविश्वास, दृष्टिकोण और जीवन के प्रति रवैये को भी बदल देती है। एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति हर कठिनाई में भी अवसर ढूंढता है, जबकि नकारात्मक सोच वाला व्यक्ति हर अवसर में भी डर और असफलता देखता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी छात्र को यह विश्वास हो कि वह कठिन परीक्षा पास कर सकता है, तो वह मेहनत से पढ़ेगा, अभ्यास करेगा, और अंत में सफलता पाएगा। वहीं अगर उसे लगे कि वह कभी पास नहीं हो सकता,



तो वह कोशिश ही नहीं करेगा और हार मान लेगा भले ही उसमें प्रतिभा हो। सोच केवल कार्यों को ही नहीं, बल्कि हमारे रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। एक व्यक्ति जो हमेशा अच्छा सोचता है, वह दूसरों को भी सकारात्मक ऊर्जा देता है, लोगों से बेहतर संबंध बनाता है और जीवन में संतुलन बनाए रखता है। वहीं निराशावादी सोच वाला व्यक्ति हमेशा किसी न किसी चीज़ से असंतुष्ट रहता है, खुद से नाराज़ और दूसरों से चिढ़ा हुआ रहता है। ऐसे में जीवन की खुशियाँ भी धीरे-धीरे दूर होती जाती हैं। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने विचारों को पहचानें और उन्हें सजगता से दिशा दें। जब भी नकारात्मक सोच मन में आए, तो उसे सकारात्मक विचारों से बदलने की कोशिश करें। खुद से कहें मैं कर सकता हूँ,मेरे अंदर क्षमता है,और हर समस्या का समाधान है। धीरे-धीरे ये शब्द केवल सोच नहीं, बल्कि आपका स्वभाव बन जाएंगे, और यही सोच आपका जीवन संवार देगी। याद रखो, हम वही बनते हैं, जो हम बार-बार सोचते हैं। **जैसा सोचोगे, वैसा पाओगे, सपनों को विश्वास से ही सजाओगे।**

## शख्सियत — राखालदास बंद्योपाध्या

# प्रख्यात भारतीय इतिहासकार



राखालदास बंद्योपाध्याय (जन्म: 12 अप्रैल 1885) भारतीय इतिहास और पुरातत्व के क्षेत्र में एक महान नाम हैं। वे उन गिने-चुने विद्वानों में शामिल हैं जिन्होंने भारत के प्राचीन इतिहास को नई दिशा दी। उन्हें विशेष रूप से सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख नगर 'मोहनजोदड़ो' की खोज के लिए जाना जाता है, जो भारत की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक रही है। राखालदास बंगाल विश्वविद्यालय से शिक्षित थे और उन्होंने इतिहास और पुरातत्व में गहरी रुचि दिखाई। वे बाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से जुड़े।

राखालदास बंद्योपाध्याय का जन्म 12 अप्रैल 1885 को पश्चिम बंगाल में हुआ था। वे एक शिक्षित और विद्वान परिवार से थे, जिसने उनमें बचपन से ही पढ़ाई और इतिहास के प्रति रुचि जगाई। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में शिक्षा प्राप्त की और संस्कृत, पालि सहित कई शास्त्रीय भाषाओं का गहरा ज्ञान प्राप्त किया। अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण में कार्य करना शुरू किया और इसके साथ ही कोलकाता के भारतीय संग्रहालय व विश्वविद्यालयों से भी जुड़े। राखालदास बंद्योपाध्याय का सबसे महत्वपूर्ण योगदान 1922 में हुआ, जब उन्होंने सिंध क्षेत्र (अब पाकिस्तान में) में मोहनजोदड़ो नामक स्थल की खोज की। प्रारंभिक खुदाई में उन्हें पक्की ईंटों से बने घर, सुव्यवस्थित जल निकासी प्रणाली, स्नानागार और योजनाबद्ध नगर संरचना के अवशेष मिले, जिससे यह प्रमाणित हुआ कि यह स्थान सिंधु घाटी सभ्यता का एक प्रमुख नगर था। उनकी इस खोज ने भारतीय इतिहास की समयरेखा को हजारों साल पीछे ले जाकर यह सिद्ध किया कि भारत में 2500 ईसा पूर्व एक अत्यंत उन्नत और विकसित नगरी सभ्यता विद्यमान थी। राखालदास बंद्योपाध्याय की यह खोज भारतीय पुरातत्व के इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती है और उन्होंने अपने ज्ञान, दृष्टिकोण और समर्पण से भारत के प्राचीन अतीत को विश्व पटल पर गौरव के साथ प्रस्तुत किया। राखालदास बंद्योपाध्याय की मोहनजोदड़ो से जुड़ी खोज ने न केवल भारतीय इतिहास की दिशा बदली, बल्कि विश्व पुरातत्व जगत में भारत की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाई दी। इससे पहले तक यह धारणा थी कि भारत में सभ्यता की शुरुआत वैदिक युग से हुई थी, लेकिन सिंधु घाटी सभ्यता की खोज ने इस सोच को चुनौती दी और यह प्रमाणित किया कि भारत विश्व की प्राचीनतम और उन्नत सभ्यताओं में से एक का जन्मस्थल रहा है। उनकी यह खोज केवल ईंट और पत्थर तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति की एक मजबूत मिसाल बन गई। उन्होंने भारतीय इतिहास को सिर्फ पुस्तकों से नहीं, बल्कि धरातल पर मौजूद अवशेषों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। 23 मई 1930 को उनका निधन हुआ, लेकिन उनका कार्य आज भी भारतीय पुरातत्व और इतिहास के क्षेत्र में अमूल्य धरोहर के रूप में जीवित है।

### प्रमुख उपन्यास

हेमकाना (अपूर्ण) - प्रवासी पत्रिका में प्रकाशित (1911-12) पाषाणेर कथा (1914) शशांक (1914) धर्मपाल (1915) मयूख (1916) करुणा (1917) पक्षान्तर (1924) तिक्रम (1924) असीम (1924)

## जीवन ऊर्जा

विन्स गिल : जन्म 12 अप्रैल, 1957 — जन्म

विन्सेंट ग्रांट गिल (जन्म 12 अप्रैल, 1957) एक अमेरिकी गायक, गीतकार और संगीतकार हैं। उन्होंने 1970 के दशक में कई स्थानीय ब्लूग्रास बैंड में काम किया और 1978 से 1982 तक सॉफ्ट रॉक बैंड प्योर प्रेयरी लीग के प्रमुख गायक के रूप में कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने पहली बार मुख्यधारा का ध्यान आकर्षित किया। विन्स गिल ने अपने करियर की शुरुआत 1970 के दशक में की थी और जल्दी ही उन्होंने अपनी कला से श्रोताओं का दिल जीत लिया। उनके गीतों में जीवन, प्रेम, और आत्मीय भावनाओं की सादगी और गहराई होती है, जो लोगों को उनसे भावनात्मक रूप से जोड़ती है।

# सफलता हमेशा अस्थायी होती है

सफलता एक क्षणिक अवस्था है, जो समय, परिस्थितियों और हमारे कर्मों पर निर्भर करती है। जो आज शीर्ष पर है, वह कल सामान्य हो सकता है। इतिहास, खेल, राजनीति, व्यवसाय या कला हर क्षेत्र में ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जहां लोग असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचे, लेकिन समय के साथ वे उसी ऊंचाई से नीचे भी आ गए। इसका यह मतलब नहीं कि उन्होंने कुछ खोया, बल्कि यह कि सफलता कभी भी स्थायी नहीं होती – उसे बनाए रखने के लिए लगातार परिश्रम, विनम्रता और आत्मचिंतन आवश्यक होता है। इस विचार का एक और पहलू यह है कि अगर सफलता अस्थायी है, तो असफलता भी स्थायी नहीं होती। यह सोच हमें संतुलन सिखाती है-न तो



सफलता पर घमंड करना चाहिए, न असफलता में टूटना चाहिए। अस्थायी सफलता का मतलब यह भी है कि हमें अपने चरित्र, मूल्यों और मानवीयता को कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि जब सफलता का प्रकाश मंद हो जाए, तब वही बातें हमें सम्मान और पहचान दिलाती हैं। अक्सर देखा जाता है कि जो लोग सफलता के साथ घमंडी हो जाते हैं, समय आने पर वे अकेले रह जाते हैं; वहीं जो लोग सफलता के साथ विनम्र रहते हैं, वे लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाए रखते हैं। इसलिए यह कथन न केवल जीवन का यथार्थ दर्शाता है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है और एक मार्गदर्शन भी। यह हमें प्रेरित करता है कि हम सफलता को सिर चढ़ाने न दें और अपने कर्मों, व्यवहार और दृष्टिकोण में स्थिरता बनाए रखें। अपने अंदर इस सच्चाई को स्वीकार करने से हम जीवन में न केवल ज्यादा संतुलित रह सकते हैं, बल्कि आने वाली हर चुनौती का डटकर सामना भी कर सकते हैं। अंततः जब सफलता अस्थायी है, तो हमें खुद को उसकी चमक से नहीं, बल्कि अपने चरित्र से परिभाषित करना चाहिए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सब ईश्वर द्वारा दी गई शक्ति के कारण होता है

जब व्यक्ति को कोई उपलब्धि होती है, अर्थात उसे कहीं किसी कार्य में सफलता प्राप्त होती है, विद्या प्राप्त करने में, धन प्राप्ति में, बल प्राप्ति में, कोई पुरस्कार प्राप्ति में, कोई पद की प्राप्ति में इत्यादि, तो उस उपलब्धि से स्वाभाविक है, कि उसमें कुछ अभिमान उत्पन्न होता है। जिस का मूल कारण अविद्या है। उसे ऐसा लगता है, कि ₹यह धन बल विद्या बुद्धि उच्च पद प्रसिद्धि इत्यादि, जो मुझे प्राप्त हुआ है, यह मेरी शक्ति से हुआ है। मेरे गुणों के कारण मुझे यह विशेष उपलब्धि हुई है। परन्तु ऐसा मानना भयंकर अविद्या है। और इसी के कारण उसमें अभिमान उत्पन्न होता है।₹ जबकि वास्तविकता यह है, कि किसी व्यक्ति को जो भी धन बल विद्या उच्च पद सम्मान सिद्धि प्रसिद्धि पुरस्कार आदि की प्राप्ति होती है, वह सब ईश्वर द्वारा दी गई शक्ति के कारण से होती है। यदि ईश्वर उसे शरीर मन बुद्धि इंद्रियां अच्छे माता पिता विद्वान धार्मिक परोपकारी सदाचारी गुरुजन अच्छे मित्र



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



अच्छे पड़ोसी, पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश आदि पंच महाभूत भोजन इत्यादि पदार्थ न देता, तो इनके बिना वह व्यक्ति होश में भी नहीं आता, उपलब्धि प्राप्त करना तो बहुत दूर की बात है। तो ऐसा समझना चाहिए, कि ईश्वर की दी हुई शक्तियों से, साधनों से ही हम बल विद्या बुद्धि आदि सब उपलब्धियां प्राप्त कर पाते हैं। जो व्यक्ति इस वास्तविकता को समझता है, और हृदय से स्वीकार करता है, उसे कभी भी अभिमान नहीं आएगा। ऐसी उपलब्धियों के मिलने पर वह व्यक्ति उछलेगा नहीं। नाचेगा कूदेगा नहीं। बल्कि ठीक बुद्धिमत्ता से, नम्रतापूर्वक सभ्यतापूर्वक सब व्यवहार करेगा। यदि कभी उसके जीवन में कोई विपरीत परिस्थिति आ जाएगी, तब भी वह घबराएगा नहीं। ईश्वर से सहायता की प्रार्थना करेगा, समाज के बुद्धिमान लोगों से नम्रतापूर्वक निवेदन करेगा, कि ₹मैं इस आपत्ति में फंस गया हूं, कृपया मेरी सहायता करें। समाज के बुद्धिमान लोग भी उसके पुरुषार्थ सभ्यता नम्रता आदि गुणों को देख कर उसे यथासंभव सहयोग देंगे, और ईश्वर भी सहयोग देगा। ऐसी स्थिति में वह व्यक्ति घबराएगा नहीं, फिसलेगा नहीं, मार्ग से भटकेगा नहीं। उसका मन बुद्धि आदि सब नियंत्रण में रहेंगे, और वह धीरे-धीरे पुरुषार्थ करके ईश्वर और बुद्धिमान लोगों की सहायता से उस आपत्ति से बाहर आ जाएगा। सभी बुद्धिमान लोगों को ऐसा ही करना चाहिए।

## अपने विचार

तहव्वुर राणा को भारत लाने के लिए 16 साल से लड़ाई चल रही है और यह कांग्रेस के शासन के दौरान शुरू हुई थी. इसलिए तहव्वुर राणा को वापस लाने का क्रेडिट किसी को नहीं लेना चाहिए.



**-संजय राउत,** नेता,शिवसेना(यूबीटी)

जो लोग सत्ता के भूखे हैं, वे दिन-रात राजनीतिक खेल खेलते हैं और वे लोग परिवार-केंद्रित विकास पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। सत्ता पाने के लिए खेल खेलने वाले लोग केवल अपने परिवार की उन्नति में रुचि रखते हैं।



**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री,भारत

महाराष्ट्र में मराठी भाषा का सम्मान होना चाहिए। यदि बैंक मराठी में अपनी सेवाएं प्रदान नहीं करते तो मनसे को मजबूरन अपने आंदोलन को और सख्त करना पड़ेगा। पार्टी का उद्देश्य केवल मराठी भाषा का उपयोग सुनिश्चित करना है।



**-राज ठाकरे,** मनसे प्रमुख

रत्नापुर नाम उस ऐतिहासिक पहचान को लौटाने की कोशिश है जो औरंगजेब के शासन से पहले मौजूद थी। अब हम उसे उसके पुराने नाम पर वापस ले जाने की प्रक्रिया में हैं।



**-संजय शिरसाट**,मंत्री, महाराष्ट्र

### अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

**indiagroundreport@gmail.com** भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़्मिदार)।

# मुंबई लोकल का सफर होगा सुहावना

### 16 अप्रैल से चलेंगी सेंट्रल रेलवे की 14 नई AC ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबईकर का एसी लोकल ट्रेनों के प्रति अच्छा रुझान सामने आने के बाद सेंट्रल रेलवे ने 14 और वातानुकूलित ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। 16 अप्रैल से सेंट्रल रेलवे के द्वारा इन ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। ऐसे में सेंट्रल रेलवे कुल एसी लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़कर 21 पहुंच जाएगी। अभी तक सात ट्रेनें ही संचालन में हैं। इन ट्रेनों के चलने से यात्रियों का सफर और आरामदायक बन जाएगा।



#### 66 फेरे लगाती हैं एसी ट्रेनें

अभी सेंट्रल रेलवे की सात एसी लोकल ट्रेनें दिन में कुल 66 फेरे लगाती हैं। सेंट्रल रेलवे के अनुसार नई एसी लोकल ट्रेनें CSMT-ठाणे/कल्याण/बदलापुर मार्ग पर जोड़ी चलेंगी। अप और डाउन दिशाओं में सात-सात ट्रेनें होंगी। सुबह और शाम के पीक ऑवर्स के दौरान एक-एक होगी, जबकि शेष 12 सेवाएं पीक ऑवर्स के बाहर संचालित की जाएंगी। ये नई एसी लोकल ट्रेनें पुरानी लोकल ट्रेनों को रिप्लेस करेंगी। 14 नई एसी लोकल के आने के बाद कुल फेरों की संख्या 80 पहुंच जाएगी। अगर किराए की बात करें तो नॉन एसी और एसी लोकल के किराए में अधिक अंतर नहीं है। सीएसएमटी से कल्याण बदलापुर का किराया नॉन एसी के लिए 100 रुपये और एसी के 105 रुपये है। इसी प्रकार से कल्याण के यह किराया 105 और 120 रुपये है। पश्चिम रेलवे चर्चगेट से विरार तक की यात्रा नॉन एसी से करने पर 100 रुपये और एसी से करने पर 115 रुपये लेती है।

#### लगातार बढ़ रहे हैं यात्री

मध्य रेलवे के अनुसार एसी लोकल में यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। 2024-25 में, हमने एसी लोकल ट्रेनों से लगभग 215 करोड़ रुपये की कमाई हुई। कुल 46.5 मिलियन यात्रियों ने उपयोग किया। मध्य और पश्चिमी उपनगरीय रेलवे लाइनों पर एसी ट्रेनों की लोकप्रियता बढ़ रही है। पिछले तीन वर्षों में मार्च के महीने में मध्य रेलवे ने एसी ट्रेनों का उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में 73% की वृद्धि देखी, जबकि पश्चिमी रेलवे ने इसी अवधि में 67% की वृद्धि देखी।

# बदलापुर रेलवे प्लेटफॉर्म पर अधूरे शेड

### भीषण गर्मी में यात्री बेहाल, सांसद ने मांगा अस्थायी शेड

**डीबीडी संवाददाता | बदलापुर/मुंबई**

भीषण गर्मी ने उपनगरीय रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। बदलापुर और वांगणी जैसे कई स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म पर अधूरे शेड के कारण यात्रियों को तेज धूप से बचने के लिए पदचारी पुल या अधूरे छायादार हिस्सों में पनाह लेनी पड़ रही है। महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग लोग जरूरी काम से बाहर निकल रहे हैं, लेकिन रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं की कमी उन्हें और अधिक परेशानी में डाल रही है। प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो पर पूरे शेड न होने से यात्री यह तय नहीं कर पा रहे कि कहां खड़े हों कि तेज धूप से बच सकें।

#### रेलवे सुधार कार्य जारी, लेकिन अस्थायी राहत जरूरी

बदलापुर रेलवे स्टेशन पर सुधार कार्य तो शुरू है, लेकिन तब तक यात्रियों को अस्थायी राहत देने की ज़रूरत है। इस स्थिति को देखते हुए भिवंडी के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाला मामा ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन पर अस्थायी तालपत्री शेड लगाने की मांग की है।

#### गर्मी ही नहीं, बरसात में भी मिलेगा फायदा

सांसद मामा का कहना है कि गर्मी के साथ-साथ आगामी बरसात में भी यह अस्थायी शेड यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक साबित होंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस विषय को लेकर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक और विभागीय रेल प्रबंधक, मुंबई को पत्र लिखा जाएगा। स्थानीय यात्रियों की मांग है कि जब तक स्टेशन पर पूर्ण शेड नहीं बनते, तब तक रेलवे प्रशासन को अस्थायी उपाय करते हुए यात्रियों को राहत पहुंचानी चाहिए, ताकि गर्मी में उन्हें प्लेटफॉर्म पर खड़े रहना मुश्किल न हो।

# मीरा-भायंदर में जल संकट गहराया

**डीबीडी संवाददाता | मीरा-भायंदर**

मीरा-भायंदर शहर इन दिनों भीषण जल संकट से जूझ रहा है। पानी की मांग और आपूर्ति के बीच बड़ा अंतर होने के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच सूर्याधरण परियोजना से जल आपूर्ति की उम्मीद लगाए बैठे नागरिकों को अब और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह जल योजना दिवाली तक पूरी होने की संभावना है। यह जानकारी राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने हाल ही में दी।

#### वास्तविकता और जरूरत में अंतर



मीरा-भायंदर मनपा को प्रतिदिन 221 मिलियन लीटर पानी आपूर्ति की अनुमति मिली है, जिसमें 86 MLD STEM प्राधिकरण से और 135 MLD MIDC से आता है। लेकिन व्यावहारिक रूप से सिर्फ 200 MLD पानी ही उपलब्ध हो पाता है, जबकि शहर की जरूरत प्रतिदिन 225 MLD की है। इससे जल संकट और गहरा गया है। नी आपूर्ति को लेकर चुनावी वादे तो किए गए, लेकिन जमीन पर काम की गति नागरिकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रही। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वर्ष 2024 के अंत तक सूर्याधरण से पानी मिलने की बात कही थी, पर अब परिवहन मंत्री द्वारा दिवाली तक की नई समयसीमा घोषित किए जाने से नागरिकों में नाराजगी है।

#### सूर्याधरण परियोजना में देरी की वजहें

- वसई से चेने पानी टंकी तक 5 किमी लंबी पाइपलाइन का कार्य
- वसई खाड़ी में माइक्रो टनलिंग से पाइपलाइन बिछाने का कार्य
- कावदास में उच्च-वोल्टेज बिजली लाइन
- चेने वन क्षेत्र और निजी जमीन पर पुल व पाइपलाइन कार्य
- चेने में जल टंकी निर्माण

## महात्मा फुले की जयंती पर जिलाधिकारी ने अर्पित की पुष्पांजलि



**ठाणे।** क्रांतिकारी समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अशोक शिनगारे ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। कार्यक्रम में ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे और निवासी उप जिलाधिकारी डॉ. संदीप माने सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पश्चिम रेलवे वापी-दानापुर-वलसाड के बीच चलाएगी समर स्पेशल ट्रेन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा स्पेशल रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से वापी-दानापुर-वलसाड के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 09063 वापी - दानापुर स्पेशल प्रत्येक शनिवार को वापी से 22.00 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 08.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 19 अप्रैल से 28 जून 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09064 दानापुर-वलसाड स्पेशल प्रत्येक सोमवार को दानापुर से 11.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.00 बजे वलसाड पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून 2025 तक चलेगी।

#### स्टेशनों पर ठहराव



यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नवसारी, भेस्तान, चलथान, नंदुरबार, अमलनेर, धरनगांव, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09063 का वलसाड स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

# भिवंडी ओलंपिक 2025 का भव्य शुभारंभ

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौघुले की पहल पर आयोजित भिवंडी ओलंपिक 2025 खेल महोत्सव का भव्य उद्घाटन गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के हाथों हुआ। उद्घाटन समारोह में अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

#### रवींद्र चव्हाण ने किया उद्घाटन



#### खिलाड़ियों को मिला नया मंच

इस दस दिवसीय खेल महोत्सव का उद्देश्य शहर के उभरते खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। महोत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल और वॉलीबॉल जैसे टीम खेलों के साथ-साथ बैडमिंटन, शतरंज, कैरम और एथलेटिक्स जैसे व्यक्तिगत खेल भी शामिल किए गए हैं। कुल 25 खेलों में हजारों खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता की शुरुआत भव्य आतिशबाजी के साथ हुई, जिसके बाद विभिन्न टीमों ने मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों को सलामी दी। कार्यक्रम में युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक महेश चौघुले ने कहा कि भिवंडी ओलंपिक जैसे आयोजन से शहर के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव भिवंडी के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और भविष्य के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यहीं से निकलेंगे।

## महिला सम्मेलन का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले में "भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सामाजिक समानता सप्ताह" के तहत आज महिलाओं के लिए विशेष सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कलवा स्थित सामाजिक न्याय भवन में सुबह 11:30 बजे शुरू होगा। इस सप्ताह का आयोजन राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और वंचित वर्गों के सर्वांगीण विकास, उनके अधिकारों की जानकारी तथा सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 8 से 14 अप्रैल के बीच किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन सहायक समाज कल्याण आयुक्त कार्यालय द्वारा किया जा रहा है।

# रक्त संकट के बीच ठाणे में जागरूकता अभियान तेज

### उद्योग विभाग की अपील पर वासिंद में हुआ रक्तदान शिविर

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिला सामान्य अस्पताल में रक्त की भारी कमी के बीच जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों की ओर से रक्तदान को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में गुरुवार को वासिंद की एस.डब्ल्यू. कंपनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक विजू सिरसाट ने बताया कि कुछ दिन पहले ठाणे जिला सामान्य अस्पताल के अधीक्षक डॉ. कैलाश पवार और रक्त संक्रमण अधिकारी डॉ. गिरीश चौधरी ने उन्हें फोन कर जिले में रक्त की बेहद कम उपलब्धता को लेकर चिंता जताई थी। इसके बाद रक्तदान शिविरों के आयोजन की आवश्यकता महसूस की गई।



#### औद्योगिक प्रतिष्ठानों को किया गया प्रोत्साहित

डॉ. पवार के निवेदन के बाद उद्योग विभाग और सूचना कार्यालय ने संयुक्त रूप से सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों से रक्तदान शिविर आयोजित करने की अपील की। इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के तहत विभिन्न कंपनियों ने शिविर आयोजन में रुचि दिखाई। अपील के बाद वासिंद स्थित एस.डब्ल्यू. कंपनी ने गुरुवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया। कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी अमेय ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गर्मी में सिग्नल पर ठाणे में ग्रीन शेड और जल छिड़काव से ठंडक

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

चिलचिलाती गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए ठाणे नगर निगम ने एक सराहनीय पहल की है। नगर निगम ने शहर के प्रमुख सिग्नलों पर हरियाली कवर (ग्रीन शेड) और ठंडे पानी के छिड़काव की व्यवस्था की है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने लोक निर्माण और पर्यावरण विभाग को इन सुविधाओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

#### गर्मी कार्य योजना के तहत राहत उपाय

ठाणे मनपा की 'गर्मी कार्य योजना' के तहत बीते वर्ष से ही अस्थायी सिंचाई और छायादार व्यवस्था की शुरुआत की गई थी। इस वर्ष अब तक 25 स्थानों पर ऐसी सिंचाई योजनाएं शुरू की जा चुकी हैं। नागरिकों से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया के आधार पर इनकी संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

#### सिग्नलों पर ड्राइवरों के लिए राहत



मनपा ने छह प्रमुख सिग्नलों—तीन हाथ नाका (2), अलमेडा चौक (1), खोपट (2) और नितिन कंपनी (1)—पर ग्रीन शेड की व्यवस्था की है, ताकि ट्रैफिक सिग्नल पर खड़े वाहनों में बैठे ड्राइवर और यात्री गर्मी से थोड़ी राहत पा सकें। वहीं, जहां सिग्नल की अवधि 60 सेकंड से अधिक है, वहां भी ऐसी व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त राव ने कहा है कि इस कार्य में स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए, जिससे व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सके।

#### समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय

गुरुवार को मनपा मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में आयुक्त ने राज्य सरकार के 100 दिवसीय कार्यक्रम की प्रगति, भीषण गर्मी से निपटने के उपाय, स्वच्छ सर्वेक्षण और ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की।

# मस्जिदों में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन

### 11 अप्रैल से 7 जुलाई तक चलेगा 'औकाफ तहफुज आंदोलन'

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

वक्फ संशोधन बिल 2024 के खिलाफ भिवंडी में शुक्रवार को जुमा की नमाज के दौरान विभिन्न मस्जिदों में विरोध प्रदर्शन हुआ। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देश पर नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मस्जिद अक्सा (पत्रा वाली मस्जिद) के खतीब मुफ्ती मोहम्मद उज़ैफा कासमी ने किया, जहां सैकड़ों लोगों ने हाथों में प्लेकार्ड और बैनर लेकर ₹काला कानून वापस लो₹ के नारे लगाए। निजामपुरा पटेल मोहल्ला मस्जिद के बाहर मौलाना इम्तियाज अहमद फलाही के मार्गदर्शन में भी जोरदार प्रदर्शन हुआ।

#### सरकार पर गंभीर आरोप



मुफ्ती उज़ैफा ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल 2024, वक्फ की संपत्तियों—मस्जिदों, कब्रिस्तानों, दरगाहों और खानकाहों—की हैसियत को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने बिल को संसदीय समिति की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए पारित करा लिया, जो अब कानून बन चुका है। उन्होंने बताया कि इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की जा चुकी है, और 11 अप्रैल से 7 जुलाई तक पूरे देश में 'औकाफ तहफुज आंदोलन' चलेगा। इस आंदोलन के तहत बैठकें, कॉन्फ्रेंस, धरने, मेमोरंडम और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

#### वक्फ संपत्ति के धार्मिक और सामाजिक महत्व पर जोर

मौलाना इम्तियाज फलाही ने कहा, "जो संपत्ति अल्लाह के नाम पर वक्फ की जाती है, वह कयामत तक वक्फ ही रहती है। उस पर न खरीद-बिक्री का हक है, न कब्जे का।" उन्होंने लोगों से अपील की कि जो वक्फ की जमीनों पर अवैध कब्जा किए हैं, वे तौबा कर उसे वक्फ बोर्ड को सौंप दें, ताकि वह समाज के गरीब, यतीम, मदरसे और इमाम-मुअज्जिन के काम आए।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**मिथुन** — घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे।

**कर्क** — लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा।

**सिंह** — रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**कन्या** — बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है।

**तुला** — सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**वृश्चिक** — उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**धनु** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा।

**मकर** — अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी।

**कुंभ** — मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**मीन** — घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

# भाग्योदय नौकरी से होगा या व्यापार से?

भाग्योदय का भी एक समय होता है साथ ही अच्छा भाग्योदय मतलब राजयोग सुख, अच्छा धन, वैभव, संघर्ष से मुक्ति मिलकर जीवन हर तरह से अच्छा होता जाना आदि ही भाग्योदय है अब यदि आप नौकरी कर रहे है और बिजनेस से भाग्योदय होना लिखा है तब नौकरी छोड़कर बिजनेस ही आपका भाग्योदय करेगा, जबकि नौकरी से भाग्योदय होना लिखा है तब व्यापार करने से कोई लाभ नही जो भी नौकरी कुंडली मे लिखी है वह नौकरी करने से भाग्योदय हो पायेगा, इसी तरह आपकी बच्चों का भाग्योदय बिजनेस से लिखा है या नौकरी से? नौकरी या बिजनेस जिस भी रास्ते से लिखा है उसी रास्ते पर आगे बढ़ाने से संतान का भाग्योदय आगे चलकर हो पायेगा आदि...

**बिजनेस से भाग्योदय:-**

अब कुंडली का धन भाव(दूसरा भाव) ग्यारहवा भाव(धन लाभ भाव)और दसवाँ भाव(रोजगार भाव) और बिजनेस ग्रह बुध कन्या या मिथुन राशि मे है या सूर्य के साथ बुध है या प्रथम भाव मे बैठा है या अन्य तरह से बलि है साथ ही 9वा भाव(भाग्य का भाव)राजयोग या अच्छी स्थिति में है तब बिजनेस से ही भाग्योदय होगा ऐसी स्थिति में नौकरी कभी भी भाग्योदय नही करेगी, नौकरी कर रहे है तब ऐसी स्थिति में कुंडली अनुसार बिजनेस करने से भाग्योदय होकर भाग्योदय के फल मिलेंगे।।



**प्रियंका जैन**
**9769994439**

**नौकरी से भाग्योदय:-**

अब यहाँ दसवाँ भाव(रोजगार भाव) अच्छी स्थिति में है और बुध ज्यादा बलवान नही है साथ ही दूसरे(धन भाव)व ग्यारहवे भाव(धन लाभ भाव) सामान्य स्थिति में है और 9वा भाव(भाग्य भाव) बहुत अच्छी स्थिति में या राजयोग में है तब नौकरी में कैरियर बनाने से ,नौकरी से ही भाग्योदय होगा।अब कुछ उदाहरणों से समझते है भाग्योदय नौकरी से होगा या बिजनेस से, क्या करे।

**उदाहरण_अनुसार_सिंह_लग्न1:-**

सिंह लग्न में यहाँ दसवे भाव स्वामी शुक्र और दसवाँ भाव+दूसरा और ग्यारहवा भाव/भाव स्वामी सहित बुध शक्तिशाली है साथ ही अब 9वा भाव/9वे भाव स्वामी(भाग्य भाव)बहुत अच्छी स्थिति में या राजयोग में है तब यहाँ बिजनेस करने से ही भाग्योदय होगा।दशमेश शुक्र यहाँ दूसरे भाव मे बैठा हो या दूसरे भाव स्वामी बुध से सम्बन्ध किया हो तब होटल, रेस्टोरेंट/खाने पीने से सम्बन्धी व्यापार से ही भाग्योदय होगा।।

**उदाहरण_अनुसार_तुला_लग्न2:-**

तुला लग्न में इसी तरह अब दसवे भाव स्वामी चन्द्र और दसवाँ भाव सहित दूसरा भाव+ग्यारहवां भाव सहित व्यापार सम्बन्धी बुध बलवान स्थिति में है और भाग्य का घर/9वे घर का स्वामी(9वा घर)अत्यधिक बलवान या राजयोग में है तब व्यापार से भाग्योदय होगा, लेकिन दूसरा और ग्यारहवा भाव सहित बुध सामान्य बलवान है तब नौकरी से ही भाग्योदय होगा।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## मरांची में बुजुर्ग महिला-पुरुष की लाश खेत से बरामद



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के बाढ़ में डबल मर्डर की वारदात से सनसनी फैल गयी है। घटना मरांची थाना इलाके के कसबा दियारा की है। मरने वाले बुजुर्ग हैं। उनकी उम्र साठ साल के आसपास बताई जा रही है। मरने वालों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं। मृतकों के पति पत्नी होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया है। बाढ़ एएसपी राकेश कुमार ने कहा है कि गहराई से छानबीन की जा रही है।

## बिजली उपभोक्तओं को झटका, 5% से अधिक बढ़े दाम




**देहरादून।** उत्तराखंड में बिजली रेटों में इजाफा हो गया है। नई बिजली दरें 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगी। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग की हामी के बाद प्रदेश में बिजली के दाम 5 ।62 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। ऐसे में लोगों को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। आपको बता दें कि यूपीसीएल-ऊर्जा निगम के के 12 ।01 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव के खिलाफ आयोग ने सिर्फ 0 ।12 प्रतिशत का बिजली के रेटों में इजाफा किया है। यूजेवीएनएल के पीडीएफ का जनता पर पड़ा भार।

## तालाब में नहाने के दौरान हादसा, चार लड़कियों की मौत



गढ़वा। झारखंड के गढ़वा जिले में शुक्रवार को एक बेहद दुखद हादसा सामने आया, जहां तालाब में डूबने से चार लड़कियों की मौत हो गई। चारों बच्चियां नहाने के लिए पानी में उतरी थीं, इसी दौरान यह हादसा हो गया। मृत बच्चियों की उम्र 10, 18, 18 और 22 साल है। यह घटना जिले के हरैया गांव के नदी आराटोला तालाब में हुई। चार में से दो मृतक छठी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आई थीं। घटना के बाद बच्चियों को पानी से निकालकर सदर अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने सभी को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया।

## झोपड़ी में सो रही महिला को हाथियों ने कुचल कर मार डाला



**बड़कागांव।** बड़कागांव वन क्षेत्र के लाकुरा गांव के आंबेडकर मुहल्ला निवासी 71 वर्षीय रोहिणी देवी (पति गेंदों राम) को हाथियों ने कुचल कर मार डाला। घटना के वक्त वह अपनी झोपड़ी में सो रही थी। घटना गुरुवार रात करीब 12 बजे की है। बताया गया कि रोहिणी देवी महुआ चुनने को लेकर पेड़ के पास झोपड़ी बना कर रह रही थी। रात को खाना खाने के बाद सभी सोने चले गये। इसी बीच हाथियों का झुंड पहुंच गया। हाथियों ने झोपड़ी में सो रही रोहिणी को कुचल कर मार डाला। महुआ चुनने निकले ग्रामीण सुबह करीब चार बजे उसकी झोपड़ी के पास पहुंचे, तो रोहिणी देवी का शव पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना रोहिणी देवी के परिजनों एवं गांव वालों को दी गयी। सूचना पर फॉरेस्टर देवचंद महतो, वनरक्षी फील्ड इंचार्ज नाजिर हुसैन अंसारी, वनरक्षी अमर कुमार साहू, जगरनाथ रजवार, प्रभात किशोर लकड़ा, संतोष रजक भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# बनारस सहित पूरे पूर्वांचल को अब मिलेगी 24 घंटे बिजली

### पीएम मोदी की 44 सौगातों से पूर्वांचल को मिलेगी नई रफ्तार

एजेंसी । वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। पीएम मोदी ने काशी में लगभग ढाई घंटे के प्रवास पर सबसे पहले राजातालाब के मेहदीगंज में जनसभा की। उसके बाद योजनाओं की बारिश की। 44 योजनाओं में तमाम महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के साथ बिजली आपूर्ति की भी एक महत्वपूर्ण योजना थी, जिसकी सौगात प्रधानमंत्री ने पूरे पूर्वांचल को दी है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1629.13 करोड़ की 19 योजनाओं का उद्घाटन और 2255.05 करोड़ की 25 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें बिजली से जुड़ी 6 योजनाएं हैं। इनसे पूर्वांचल में अब निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। बिजली ट्रिपिंग की समस्या से दूर होगी और उद्योग स्थापित होंगे। पूर्वांचल में बिजली आपूर्ति को लेकर सबसे बड़ी दिक्कत ट्रिपिंग की होती थी। इसका असर बीते साल गर्मी में ज्यादा बिजली खपत, ट्रांसफार्मर के ब्लास्ट, बिजली आपूर्ति में आ रही समस्याओं के रूप में सामने आया था, जिसमें पूर्वांचल ज्यादा प्रभावित हुआ था। इसी क्रम में पीएम मोदी ने गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर में 400 केवी के सब स्टेशनों का लोकार्पण कर दिया। जो न सिर्फ पूरे जनपद में बिजली की दिक्कतों को दूर करेंगे, बल्कि निर्बाध आपूर्ति भी कराएंगे। इसका सबसे बड़ा फायदा आम जनमानस के साथ-साथ उद्योग कारोबार को भी मिलेगा।

### रोपवे के बाद रनवे के नीचे सिक्स लेन टनल




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को 3900 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। काशी में देश की पहली शहरी यातायात के लिए रोपवे पहले ही मिल चुकी है, अब एयरपोर्ट पर रनवे के नीचे सिक्स लेन टनल के साथ कई तोहफे मिले हैं। इस टनल से वाराणसी से राजधानी लखनऊ का सफर आसान होगा। टनल में कई सुविधाएं भी दी जाएंगी। प्रधानमंत्री बनने के बाद से पीएम मोदी ने वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर खास जोर दिया है। 10 वर्षों में 45 हजार करोड़ रुपए का यहां निवेश किया गया है। इनमें फुलवरिया फ्लाईओवर, रिंगरोड, और गाजीपुर, जौनपुर, मिर्जापुर जैसे क्षेत्रों को जोड़ने वाले चौड़े रास्ते शामिल हैं। पीएम मोदी ने आज अपने संबोधन में कहा कि पहले छोटे-छोटे त्योहारों पर भी जाम लग जाता था। अब रास्ते चौड़े हुए हैं, समय बच रहा है। लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट के विस्तार के साथ-साथ 6 लेन का अंडरग्राउंड टनल, भिखारीपुर और मंडुआडीह में फ्लाईओवर और बनारस-सारनाथ को जोड़ने वाला नया पुल जैसे प्रोजेक्ट्स शुरू किए गए हैं। पीएम ने काशी में शुरू होने वाले सिटी रोपवे का भी जिक्र किया, जो इसे दुनिया के चुनिंदा शहरों में शामिल करेगा।

### बुनकरों और शिल्पकारों को मिलेगी मजबूती

बुनकरों-हस्तशिल्पियों की मजबूती के लिए एमएसएमई और नगर निगम की ओर से कज्जाकपुरा में यूनिटी मॉल बनने जा रहा है। प्रदेश के वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट योजना के तहत बुनकरों और शिल्पकारों के उत्पादों को विशेष स्थान दिया जाएगा। 25980 .16 वर्ग मीटर में छह मंजिला भवन बनेगा। 371 वाहन क्षमता की तीन बेसमेंट पार्किंग होगी। भूतल पर 15, पहले तल पर 18, दूसरे पर 26, तीसरे पर 26 और चौथे पर 26 दुकानें होंगी। पंचम तल पर ऑडोटोरियम, क्राफ्ट म्यूजियम, गेम जोन, ओपन एअर रेस्टोरेंट, फूड कोर्ट एवं षष्ठम तल पर नगर निगम का जोनल आफिस होगा।

### भिखारीपुर, मंडुवाडीह में जाम से मिलेगी निजात

मंडुवाडीह और भिखारीपुर चौराहे पर फ्लाईओवर बनने से लोगों के जाम से निजात मिलेगी। 118 .84 करोड़ से भिखारीपुर में वाई आकार का फ्लाईओवर होगा। इसमें एक कैरज-वे की 715 .73 मी लम्बा और 10 .50 मीटर चौड़ा होगा। दूसरे की लम्बाई 299 .50 मी और चौड़ाई 7 .50 मी होगी। 5 .50 मीटर की सर्विस लेन भी बनेगी। मंडुवाडीह में 56 .73 करोड़ से 684 मी लम्बा और 10 .50 चौड़ा फ्लाईओवर बनेगा। 5 .50 मीटर की सर्विस लेन भी होगी। इसे 2027 में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

### रिंग रोड से सीधे जुड़ेगा सारनाथ

सारनाथ के समीप रिंग रोड से कस्तूरबा गांधी विद्यालय होते सारनाथ रेलवे स्टेशन तक 1180 मीटर लम्बी और 7 .50 मीटर चौड़ी ऐलिवेटेड फोरलेन सड़क बनने जा रही है। इससे बाबतपुर हवाई अड्डे से गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़ की ओर से आने वाले एवं स्थानीय लोग सीधे सारनाथ से पहुंचेंगे। वहीं जिला मुख्यालय, सारनाथ रेलवे स्टेशन, वाराणसी जंक्शन तक की भी दूरी कम होगी। इस सड़क से आस-पास की करीब दो लाख की आबादी लाभान्वित होगी।

### ग्यारह मंजिला सरकारी आवास में पहली बार रहेंगे पुलिसकर्मी

पुलिस लाइन परिसर में 76 .42 करोड़ से बने आवासीय छात्रावास से एक स्थान पर पुलिसकर्मियों के आवास की समस्या का समाधान होगा। साथ ही आकस्मिकता की स्थिति में पुलिस बल एक स्थान पर उपलब्ध रहने से जन समस्याओं के निदान में उपयोगी होंगे। 12 मंजिला आवास में टाईप-बी के दो ब्लॉक हैं। इसमें 192 आवास हैं। साथ ही इलेक्ट्रिक सब स्टेशन, अंडरग्राउंड वाटर टैंक, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ ही सीसी रोड एवं फुटपाथ का निर्माण, हॉर्टिकल्चर एवं लैंड स्केपिंग आदि कार्य भी कराए गए हैं। शिवपुर, मिर्जामुराद, लालपुर-पांडेयपुर एवं बड़ागांव में प्रशासनिक भवन का निर्माण होना है। भवन में प्रशासनिक भवन, बैरक, कार्यालय, मीटिंग हाल इत्यादि की व्यवस्था रहेगी। शिवपुर में प्रशासनिक भवन तीन मंजिला एवं सर्विस ब्लाक होगा। अन्य तीन थानों में प्रशासनिक भवन, मालखाना, महिला और लॉकअप, स्टाफ रूम, एसआई रूम, एसओ रूम, पूछताछ रूम, शिकायती कमरा, रिशेप्सन आदि रहेंगे। भवन में किचन के साथ बैरक भी होंगे।

## 3000 करोड़ की लागत से बिहार में बनेंगे 700 नए पुल

### गांव-गांव तक बिछेगा पुलों का जाल

**पटना।** बिहार सरकार ने गांवों को शहरों से जोड़ने और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना' के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 700 नए पुलों के निर्माण किया जायेगा। इस योजना पर करीब 3000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे राज्य के हजारों गांवों को स्थायी और सुरक्षित सड़क संपर्क मिल सकेगा। इस योजना को सितंबर 2024 में स्वीकृति मिली थी और अब इसे तेजी से इस पर काम किया जा रहा है।

### पुराने पुल होंगे नए



योजना के तहत न सिर्फ पुराने और जर्जर पुलों की जगह नए और मजबूत पुल बनाए जाएंगे। बल्कि उन इलाकों में भी काम होगा, जहां आज तक मिसिंग ब्रिज की वजह से रास्ता अधूरा है। साथ ही बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त पुलों को फिर से खड़ा किया जाएगा। जो पुल पहले से बने हैं, लेकिन उनके पास एप्रोच रोड नहीं हैं, वहां भी निर्माण कराया जाएगा। ताकि लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो और बेकार पड़े इन पुलों की उपयोगिता साबित हो सके।

## आरजेडी विधायक रीतलाल यादव के ठिकानों पर छापेमारी

**पटना :** बिहार की सियासत में हलचल मचाने वाली एक बड़ी कार्रवाई में शुक्रवार को एसटीएफ और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने आरजेडी के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव के खिलाफ शिकंजा कस दिया। दानापुर से विधायक रीतलाल यादव के कोथवां स्थित आवास पर पुलिस ने छापेमारी की, वहीं उनके बिजनेस पार्टनर सुनील महाजन के अभियंता नगर, रुपसपुर स्थित आवास पर भी एक साथ कार्रवाई की गई।

### 400 से ज्यादा जवानों की मौजूदगी में कार्रवाई



इस छापेमारी में पटना के सिटी एसपी एसआर सरथ और दानापुर डीएसपी 2 पंकज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में करीब 400 से 500 जवानों को लगाया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर की सीलिंग, अलमारियां, कंप्यूटर और दस्तावेजों की गहन जांच की। सिटी एसपी एसआर सरथ ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा विधायक रीतलाल यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। उस शिकायत के आधार पर थाने में मामला दर्ज हुआ और फिर न्यायालय से आदेश मिलने के बाद छापेमारी की गई।

## 'पलायन रोको, नौकरी दो' यात्रा के दौरान कन्हैया कुमार हिरासत में

एजेंसी । पटना

बिहार की राजधानी पटना में आज कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। 'पलायन रोको, नौकरी दो' नारे के साथ निकली पदयात्रा के दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को पुलिस ने राजापुल के पास रोककर हिरासत में ले लिया। यह यात्रा सदाकत आश्रम से शुरू होकर मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने वाली थी, लेकिन पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत इसे बीच रास्ते में ही रोक दिया।



### यात्रा के दौरान वाटर केनन का इस्तेमाल

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए वाटर केनन का इस्तेमाल किया। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता डटे रहे। कन्हैया कुमार समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया है।

### सीएम से मिलकर सौंपना चाहते थे मांग पत्र

कन्हैया कुमार का कहना है कि उनका मकसद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर उन्हें युवाओं की समस्याओं से जुड़ा मांग पत्र सौंपना था। कांग्रेस ने दावा किया कि आज के प्रदर्शन में पांच हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए।

### पटना में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए पटना पुलिस पहले से ही अलर्ट थी। एसएसपी की निगरानी में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। फिलहाल हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

### सत्याग्रह का रूप ले चुकी है पदयात्रा

प्रदर्शन से पहले कन्हैया कुमार ने कहा कि यह यात्रा अब महज पदयात्रा नहीं रह गई, बल्कि यह जनता के अधिकारों के लिए सत्याग्रह और संघर्ष का रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बेरोजगारी और पलायन से त्रस्त है, और सरकार के खिलाफ लोगों में गहरा आक्रोश है। गौरतलब है कि इस यात्रा की शुरुआत 16 मार्च को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से हुई थी, और इसमें अब तक लाखों लोग शामिल हो चुके हैं।




# जबरदस्त तेजी के साथ बंद हुआ शेयर मार्केट

- सेंसेक्स 1310 अंक और निफ्टी 429 अंक चढ़ा
- मेटल और ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा खरीदारी

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1310 अंक (1.77%) की तेजी के साथ 75,157 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 429 अंकों की तेजी रही, ये 22,829 के स्तर पर पहुंच गया। NSE के 50 शेयरों में से 46 में तेजी रही। मेटल सेक्टर सबसे ज्यादा 4.09%, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 3.19%, फार्मा 2.43%, ऑयल एंड गैस 2.20% और ऑटो 2.03% चढ़कर बंद हुए।

### बाजार में तेजी की 2 वजह



**1. अमेरिकी टैरिफ से 90 दिन की राहत:** 9 अप्रैल को चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टालने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले के बाद वहां का बाजार 12% चढ़कर बंद हुआ था। वहीं अगले दिन सुबह यानी, 10 अप्रैल को एशियाई बाजारों में 10% तक की तेजी आई। भारतीय बाजार गुरुवार 10 अप्रैल को महावीर जयंती के कारण बंद था। इसीलिए आज अमेरिकी और एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार ऊपर है।

**2. भारत-अमेरिका ट्रेड डील होने की उम्मीद:** 90 दिनों की अस्थायी राहत से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) के बारे में चल रही चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है। भारत के विपरीत चीन को टैरिफ़ में छूट नहीं दी गई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स को शॉर्ट टर्म में कॉम्पिटिटिव एडवांटेज मिल सकता है।

### अमेरिकी बाजार में 4% से ज्यादा की गिरावट

अमेरिका का डाउ जोन्स इंडेक्स 1,015 अंक (2.50%), नैस्डेक कंपोजिट 738 अंक (4.31%) और S&P 500 इंडेक्स 189 अंक (3.46%) गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 2.96% (1,023 अंक) गिरकर 33,585 पर बंद हुआ। कोरिया के कोस्पी में 0.50% गिरकर 2,432 के स्तर पर बंद हुआ। चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.45% की तेजी रही, ये 3,238 के स्तर पर बंद हु। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.13% चढ़कर बंद हुआ। 9 अप्रैल को विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 4,358.02 करोड़ के शेयर बेचे। जबकि भारतीय, यानी घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 2,976.66 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता अंतिम पड़ाव पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भले ही भारत समेत अन्य देशों पर टैरिफ लगाने के फैसले को 90 दिन के लिए टाल दिया गया है लेकिन इस बीच भारत द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा है। भारत की कोशिश है कि अमेरिकी ही नहीं अन्य देशों के साथ चल रही व्यापार वार्ता को जल्द पूरा किया जाए। इन्हीं कोशिश के चलते भारत यूनाइटेट किंगडम (यूके) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द पूरा करना चाहता है। समझौते से जुड़े करीब 90 फीसदी हिस्से पर सहमति बन चुकी है। ऐसे में समझौता अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। ध्यान रहे कि यूनाइटेड किंगडम में इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स समेत चार देश शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि भारत ने समझौते से जुड़ी रुकावटों को दूर करने के लिए 44 लाख रुपए से कम कीमत वाले छोटे इलेक्ट्रिक वाहनों के बड़े निर्यात कोटा के बदले में ब्रिटेन से करीब 89 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के असीमित आयात की अनुमति देने की पेशकश की है। माना जा रहा है कि भारत की इस पेशकश के बीच दोनों पक्षों के बीच जल्द ही आपसी सहमति बन सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को ऑस्ट्रियाई कंपनियों से भारत में निवेश करने का आग्रह किया क्योंकि यह नए और उभरते क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करता है।




## रुपया 61 पैसे उछलकर 86.07 पर



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 61 पैसे उछलकर 86.07 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल के कारण रुपए में मजबूती आई। रुपए में तेजी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नौ जुलाई तक भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को निलंबित करने के अगले दिन आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 46 पैसे उछलकर 86.22 प्रति डॉलर पर खुला। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.33 पर आ गया।

## विदेशी मुद्रा भंडार में जोरदार इजाफा

**एक सप्ताह में 10.87 अरब डॉलर बढ़कर पहुंचा 676.27 अरब डॉलर**

**मुंबई।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पहुंच गया है। इससे पिछले सप्ताह यह 6.59 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 665.39 अरब डॉलर पर था।

### रुपए की स्थिरता के लिए आरबीआई का हस्तक्षेप रहा अहम



हाल के महीनों में केंद्रीय बैंक ने रुपए की स्थिरता बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप किया था, जिससे कुछ समय के लिए रिजर्व में गिरावट देखी गई थी। हालांकि, अब लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704 .89 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंचा था। आरबीआई के मुताबिक, चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा—विदेशी मुद्रा आस्तियां—9 .1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 574 .09 अरब डॉलर तक पहुंच गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के अलावा यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव का भी असर होता है।

## देश का औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़ा

**नई दिल्ली।** देश की औद्योगिक विकास रफ्तार फरवरी 2025 में धीमी पड़ गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस महीने गिरकर 2.9 प्रतिशत पर आ गई, जो पिछले छह महीनों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले अगस्त 2024 में यह वृद्धि दर शून्य पर थी।

### वार्षिक औसत में भी गिरावट

वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल से फरवरी अवधि में औद्योगिक उत्पादन की औसत वृद्धि दर 4.1% रही, जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में 6.0% थी। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि अर्थव्यवस्था में उत्पादन गतिविधियों की गति धीमी पड़ी है, जो सरकार और उद्योग जगत दोनों के लिए चिंता का विषय बन सकता है।

### मैन्यूफैक्चरिंग, खनन और बिजली सेक्टर में गिरावट

औद्योगिक उत्पादन में यह गिरावट मुख्य रूप से विनिर्माण (मैन्यूफैक्चरिंग), खनन और बिजली उत्पादन में सुस्ती के चलते दर्ज की गई। फरवरी 2024 में यह दर 5.6 प्रतिशत थी। सरकार ने जनवरी 2025 के आंकड़ों को संशोधित करते हुए इसे 5.2 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसे 5 प्रतिशत बताया गया था।

### क्षेत्रवार प्रदर्शन इस प्रकार रहा

**विनिर्माण क्षेत्र:** फरवरी 2025 में महज 2.9% की वृद्धि हुई, जबकि फरवरी 2024 में यह 4.9% थी।
**खनन क्षेत्र:** वृद्धि घटकर 1.6% रह गई, जो पिछले साल इसी महीने 8.1% थी।
बिजली क्षेत्र: फरवरी 2025 में 3.6% की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 7.6% था।

## बीते साल 9.19 करोड़ रिटर्न दाखिल हुए




**नई दिल्ली।** 31 मार्च 2025 को समाप्त पिछले वित्त वर्ष के दौरान 9.19 करोड़ से अधिक लोगों मे आयकर रिटर्न दाखिल की। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 31 मार्च, 2025 तक ई-सत्यापित रिटर्न की संख्या 8.64 करोड़ थी। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 31 मार्च, 2025 तक जारी रिफंड की राशि 4,35,008 करोड़ थी। गौरतलब है कि बीते तीन वर्षों में रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या तेज गति से बढ़ रही है। वित वित्त वर्ष 2024-25 में दाखिल किए गए कुल रिटर्न की संख्या 9.19 करोड़ रही जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 यह संख्या 8.52 करोड़ थी और वित्त वर्ष 2022-23 में यह संख्या 7.78 करोड़ थी। पिछले वर्ष के आंकड़ों के मुकाबले इस वर्ष यह वृद्धि सात प्रतिशत रही और वित्त वर्ष 2023 से तुलना करें तो इस वर्ष यह वृद्धि 18 प्रतिशत रही।कुल 3.24 लाख व्यक्तियों ने 31 मार्च, 2025 से पहले एक करोड़ से अधिक के लिए अपना आयकर रिटर्न दाखिल किया।

# हार के 'पंजे' से बचना चाहेगा हैदराबाद



## पंजाब किंग्स के खिलाफ घर में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे सनराइजर्स

एजेंसी । हैदराबाद

आईपीएल 2025 में पहले मैच में तूफानी आगाज़ करने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम जैसे पटरी से उतर गई है। शनिवार को वह पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश लगातार चार हार के क्रम को तोड़ने की होगी। लेकिन इसके लिए उसे अपनी कमजोरियों पर जल्दी काबू पाना होगा, खासकर बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी—दोनों ही विभाग में। पहले मैच में 286 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने वाली टीम इसके बाद एक बार भी 200 तक नहीं पहुंच पाई है। विस्फोटक बल्लेबाज़ों से सजी टीम का आक्रामक अंदाज़ अब आत्मघाती बनता जा रहा है। हेड और अभिषेक जैसे सलामी बल्लेबाज़ इस सीजन में अब तक लय में नहीं दिखे। दोनों के बीच सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी 15 रन की रही है।

### हेड-अभिषेक फेल, किशन-क्लासेन भी खामोश

हेड ने जहां 5 पारियों में क्रमशः 67, 47, 22, 4 और 8 रन बनाए, वहीं अभिषेक का सर्वोच्च स्कोर मात्र 24 रहा। किशन ने पहले मैच में नाबाद शतक जड़ा था, पर उसके बाद वह लय में नहीं आ सके। क्लासेन से भी अब तक कोई बड़ी पारी नहीं निकली है।

### गेंदबाज़ी भी बनी चिंता का कारण

हैदराबाद के गेंदबाज़ों की हालत भी कुछ खास नहीं है। कप्तान कमिंस, शमी और हर्षल पटेल की तिकड़ी रन रोकने में नाकाम रही है। स्पिन विभाग भी बीच के ओवरों में संघर्ष करता दिखा है। नतीजा—टीम का नेट रन रेट भी गिर चुका है।

### आमने-सामने

- कुल मैच : 23
- पंजाब जीता : 16
- हैदराबाद जीता : 7

### नंबर गेम

- 3 पिछले लगातार मुकाबलों में हैदराबाद ने पंजाब को पराजित किया है। पंजाब ने इस टीम को पिछली बार 2022 में हराया था
- 11 साल से हैदराबाद को उसके घर में हरा नहीं पाया पंजाब। पिछली और एकमात्र जीत 2014 के छह विकेट से दर्ज की थी

### पंजाब का संतुलित प्रदर्शन, श्रेयस-प्रियांश चमके

दूसरी ओर, पंजाब किंग्स नए कप्तान श्रेयस के नेतृत्व में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। प्रियांश की सेंचुरी और श्रेयस-निहाल की निरंतरता टीम को मजबूती दे रही है। हालांकि ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला अभी तक शांत है, लेकिन गेंदबाज़ी विभाग में अर्शदीप, फर्ग्यूसन, यानसेन और चाहल की चौकड़ी ने प्रभावित किया है।कुल मिलाकर, हैदराबाद के लिए यह 'करो या मरो' जैसा मुकाबला होगा। बल्लेबाज़ों को समझदारी दिखानी होगी, वहीं गेंदबाज़ों को लय में लौटना होगा, वरना लगातार पांचवीं हार टीम के लिए मुश्किलें बढ़ा सकती है।

लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस की टक्कर

# पूरन और सिराज में होगी रोचक जंग

एजेंसी । लखनऊ

आईपीएल 2025 में शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस की टक्कर में निगाहें दो खिलाड़ियों पर टिकी होंगी — लखनऊ के विस्फोटक बल्लेबाज़ निकोलस पूरन और गुजरात के धारदार पेसर मोहम्मद सिराज। यह मुकाबला सिर्फ दो टीमों का नहीं, बल्कि स्ट्राइक रेट बनाम इकोनॉमी रेट का भी होगा। पूरन इस सीजन में अभी तक 225 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी कर विरोधी गेंदबाज़ों के लिए खतरे की घंटी बजा चुके हैं। लेकिन इस बार उन्हें सिराज की सटीक गेंदबाज़ी की चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने पावरप्ले में 7.70 की इकोनॉमी से 10 विकेट लिए हैं।

- 33 रन से हराया था लखनऊ ने पिछले साल यहां गुजरात को जोकि इस टीम के खिलाफ इकलौती जीत है
- 2 मैच इकाना स्टेडियम में दोनों ने खेले हैं जिसमें से एक लखनऊ और एक गुजरात ने जीता है



### आमने-सामने

- कुल मैच : 5
- गुजरात जीता : 4
- लखनऊ जीता : 1

### सुदर्शन और बटलर हैं गुजरात की उम्मीदें

बल्लेबाज़ी में गुजरात के लिए साई सुदर्शन (273 रन) और जोस बटलर (203 रन) अब तक प्रभावशाली रहे हैं। इन दोनों पर एक बार फिर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

### कप्तानों की फॉर्म बनी चिंता की वजह

लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत के लिए यह सीजन अब तक निराशाजनक रहा है। चार पारियों में सिर्फ 19 रन बनाकर वह संघर्ष करते नज़र आए हैं। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि वह जल्द ही फॉर्म में लौटेंगे। उधर गुजरात के कप्तान भी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके हैं, अभी तक उन्होंने केवल 148 रन बनाए हैं।

### गुजरात को रबाडा की कमी नहीं खली

गुजरात की गेंदबाज़ी में सिराज को प्रसिद्ध कृष्णा का भरपूर साथ मिला है, जबकि स्पिन विभाग में किशोर ने राशिद खान को भी टक्कर दी है। हालांकि, पिछले मैच में राजस्थान के खिलाफ राशिद ने अपनी पुरानी लय के संकेत दिए। यदि वह उसी अंदाज़ में गेंदबाज़ी करते हैं तो लखनऊ के बल्लेबाज़ों को मुश्किल हो सकती है।

विश्व कप शूटिंग

# आठ पदकों के साथ भारत को दूसरा स्थान, चीन शीर्ष पर

**लक्ष्य-नीरू की जोड़ी एक अंक से पदक से चूकी, अब अगला पड़ाव लीमा**

एजेंसी । नई दिल्ली

ब्यूनस आयर्स में आयोजित वर्ष 2025 के पहले आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल आठ पदक जीते और पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। शुक्रवार को युवा ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के लक्ष्य श्योराण और नीरू की जोड़ी महज एक अंक से पदक चूक गई। वहीं गुरुवार को सुरुचि और सौरभ चौधरी की एयर पिस्टल मिश्रित जोड़ी ने कांस्य पदक जीतकर भारत को सातवां पदक दिलाया।




### चीन का दबदबा बरकरार

अंतिम दिन चीन ने मिश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल कर अपना दबदबा कायम रखा। उसने कुल 11 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य) जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

### भारत के स्वर्ण विजेता

भारत की ओर से सिफत कौर सामरा, रुद्राक्ष पाटिल, सुरुचि और विजयवीर सिद्धू ने स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। अब भारतीय टीम पेरू के लीमा जाएगी, जहां 15 अप्रैल से आईएसएसएफ विश्व कप का दूसरा चरण आयोजित होगा। वहां भी भारतीय शूटरों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

# कपिला-क्रास्टो की हार के साथ भारत का अभियान खत्म



निंगबो। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ शुक्रवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारतीय अभियान खत्म हो गया। कपिला-क्रेस्टो की जोड़ी को हांगकांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और सी यिंग सुएत की जोड़ी से 20-22, 13-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। एकल में कोई भी भारतीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया। लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत का सफर दूसरे दौर में थम गया। इस सत्र में भारतीय शटलर अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाए हैं।

# सफेद गेंद के प्रारूप के बादशाह साबित हो रहे हैं केएल राहुल

एजेंसी । बेंगलुरु

विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल सफेद गेंद के क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाने के बाद अब वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए भी मैच विनर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। गुरुवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में उन्होंने होमग्राउंड के खिलाफ ही अपनी नई टीम को जीत दिला दी। उन्होंने मुश्किल पिच पर 175 की स्ट्राइक रेट से नाबाद 93 रन की पारी खेली और दिल्ली को छह विकेट से जीत दिला दी।





'टी-20 में अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है, लेकिन उसने पिछले कुछ समय में ऐसा बखूबी किया है। मेरा मानना है कि वह उच्च स्तर का मध्यक्रम का बल्लेबाज है। उसके पास कौशल हमेशा से था लेकिन अब वह और स्वतंत्रता से खेल रहा है। उसे देखकर अच्छा लग रहा है।'

–दिनेश कार्तिक, मेंटर, बेंगलुरु

### तकनीक और आत्मविश्वास की मिसाल बने राहुल

कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने पहले 29 गेंदों में संभलकर 29 रन बनाए और फिर अगली 24 गेंदों में ताबड़तोड़ 64 रन जोड़ दिए। उनकी बल्लेबाज़ी जोखिम रहित, लेकिन प्रभावशाली रही। 15वें ओवर में हेजलवुड की गेंदों पर उन्होंने तीन चौके और एक छक्का जड़कर कुल 22 रन बटोरे और वहीं से दिल्ली की जीत की राह साफ हो गई।

### टीम में भरोसे का प्रतीक बनते जा रहे राहुल

कभी टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए जूझते रहे केएल राहुल अब दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाज़ी के केंद्र में आ गए हैं। उनका अनुभव दोनों ही टीम को संबल दे रहे हैं।

# 2031 एशियन कप की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी

**नई दिल्ली।** भारत ने 2031 एएफसी एशियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए आधिकारिक तौर पर दावा ठोक दिया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) को 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' (EOI) जमा कर दिया है। एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

- ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया सहित छह देशों से मिल रही कड़ी चुनौती

### सात देशों में शामिल भारत

भारत उन सात देशों में शामिल है, जिन्होंने 31 मार्च की डेडलाइन से पहले मेजबानी की इच्छा जताई है। मेज़बानी के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, यूएई, इंडोनेशिया, कुवैत और मध्य एशियाई देशों किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की संयुक्त बोली से कड़ी टक्कर मिलेगी। भारत इससे पहले 2023 और 2027 एशियन कप के लिए बोली लगा चुका है, लेकिन दोनों बार आखिरी वक्त में उसे वापस ले लिया गया था।

# PSL छोड़ IPL खेलने पर कॉर्बिन बॉश पर एक साल का प्रतिबंध



**मुंबई इंडियंस से जुड़ने के कारण PCB ने लगाया बैन, खिलाड़ी ने जताया अफसोस**

एजेंसी । इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश पर एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बॉश पर यह कार्रवाई पाकिस्तान सुपर लीग के अनुबंध को तोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग खेलने के कारण की गई है। जनवरी में हुए PSL ड्राफ्ट में पेशावर जाल्मी ने कॉर्बिन बॉश को अपनी टीम में चुना था। लेकिन बाद में मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज लिजाद विलियम्स के चोटिल होने के बाद बॉश को टीम में शामिल कर लिया। इसके बाद बॉश ने PSL में खेलने के बजाय IPL को तरजीह दी। PCB ने इसे अनुबंध का उल्लंघन मानते हुए बॉश को कानूनी नोटिस भेजा था। अब बोर्ड ने उन पर एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड के मुताबिक यह कार्रवाई अनुशासन और पेशेवर प्रतिबद्धता के उल्लंघन पर की गई है।

## बॉ ली वु ड



# इमरान ने पहली बार बेटे के कैंसर से जंग पर तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय और सुपरहिट फिल्मों के जरिए इमरान हाशमी ने एक सुनहरा दौर रचा था। लेकिन हर चमकते सितारे की तरह उन्हें भी जिंदगी के कुछ बेहद मुश्किल दौरों से गुजरना पड़ा। जब उनका करियर ऊंचाइयों पर था और वे अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जीवन बिता रहे थे, तभी एक दिल दहला देने वाली खबर ने उनकी दुनिया ही बदल दी, उनके महज 3 साल के बेटे को कैंसर होने का पता चला। यह सुनकर उनके पैरों तले ज़मीन खिसक गई। वर्षों तक इस दर्द को अपने दिल में छुपाए रखने के बाद, अब पहली बार इमरान ने उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की है। इमरान हाशमी हाल ही में एक पॉडकास्ट नज़र आये। इस पॉडकास्ट में कठिन समय के बारे में बात करते हुए, उन्होंने बेटे अयान की बीमारी पर बात की। इमरान ने कहा, जब 2014 में मेरा बेटा बीमार पड़ा, तो वह मेरी ज़िंदगी का सबसे मुश्किल समय था। मैं उस मुश्किल समय को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। हमने 5 साल तक इस मुश्किल समय का सामना किया। लेकिन, इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा। जनवरी 2014 में, मेरा बेटा बीमार पड़ गया। और हमारा परिवार बहुत सदमे में था। उस पल, मेरी ज़िंदगी बदल गई। 13 जनवरी को, हम अपने बेटे के साथ ताज होटल में पिज़्ज़ा खा रहे थे। वह मेरी पत्नी, उसकी मां के साथ पेशाब करने गया था। उसने देखा कि उसके पेशाब से खून निकल रहा है। यह कैंसर का पहला संकेत था। फिर, अगले 3 घंटों के भीतर, हम एक डॉक्टर के क्लिनिक में थे। और डॉक्टर हमें बता रहे थे कि आपके बेटे को कैंसर है।

# स्टंट कलाकारों के लिए खुशखबरी, ऑस्कर में शामिल हुई नई कैटेगरी



ऑस्कर अकादमी ने हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिसने फिल्म जगत में उत्साह की लहर है। अकादमी ने स्टंट डिजाइन को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हुए इसे ऑस्कर पुरस्कार की नई श्रेणी के रूप में शामिल कर लिया है। अब स्टंट कलाकारों और कोरियोग्राफर्स को भी उनकी कला और योगदान के लिए उसी तरह सम्मान मिलेगा, जैसा अन्य तकनीकी और रचनात्मक क्षेत्रों को मिलता है। यह नया स्टंट डिजाइन पुरस्कार पहली बार ऑस्कर के शताब्दी वर्ष समारोह में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इस निर्णय को और भी ऐतिहासिक बना देता है।

### कब होगी इस पुरस्कार की शुरुआत

अकादमी ने अब स्टंट कला को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया है और स्टंट डिजाइन पुरस्कार को आधिकारिक रूप से अपनी पुरस्कार श्रेणियों में शामिल कर लिया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की शुरुआत अकादमी के 100वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर की जाएगी। खास बात यह है कि यह पुरस्कार उन फिल्मों को प्रदान किया जाएगा जो साल 2027 में रिलीज होंगी। यह स्टंट कलाकारों के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है, जिन्हें लंबे समय से उनके जोखिम भरे और रचनात्मक योगदान के लिए समुचित पहचान नहीं मिल पा रही थी।

### ऑस्कर अकादमी का पोस्ट

ऑस्कर अकादमी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर कर एक ऐतिहासिक घोषणा की है। इस पोस्ट में लिखा गया है, स्टंट हमेशा से ही फिल्मों के करिश्मा का हिस्सा रहे हैं और अब वो ऑस्कर का भी हिस्सा हैं। अकादमी ने स्टंट डिजाइन में शानदार काम करने वाले कलाकारों के लिए एक नया सालाना पुरस्कार तैयार किया है।

# तमन्ना का डांस देख दीवाने हुए फैंस

काफी समय से चर्चा में बनी हुई अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड-2' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है, जिन्होंने पहले भी 'रेड' जैसी हिट फिल्म दी थी। खास बात यह है कि इस बार अजय देवगन की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है, जो दर्शकों के लिए एक नई फ्रेश केमिस्ट्री लेकर आ रही है। वहीं, रितेश देशमुख भी फिल्म में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं।

फिल्म का ट्रेलर पहले ही काफी सराहना बटोर चुका है और अब हाल ही में इसका पहला गाना 'नशा' रिलीज़ किया गया है। इस गाने में तमन्ना भाटिया अपने जबरदस्त डांस मूव्स से सबका दिल जीत रही हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज़ और एनर्जी से भरपूर परफॉर्मेंस गाने को और भी खास बना देता है। गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा है और फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं। इस हाई-एनर्जी ट्रैक को जैस्मिन सैंडलास, सचेत टंडन, दिव्या कुमार और सुमोंथो मुखर्जी ने मिलकर अपनी आवाज़ दी है, जबकि इसके दमदार बोल जाने-माने गीतकार जानी ने लिखे हैं। गाने का म्यूजिक और तमन्ना भाटिया का शानदार डांस परफॉर्मेंस इसे और भी खास बना रहा है। फिल्म 'रेड 2' इस साल 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही है। यह 2018 में आई सुपरहिट फिल्म 'रेड' का सीक्वल है।



# 'खौफ' के ट्रेलर में दिखा डर और रहस्य का जबरदस्त मेल

ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'खौफ' इन दिनों दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। सस्पेंस और हॉरर से भरपूर इस सीरीज का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने दर्शकों की दिलचस्पी और बढ़ा दी है। ट्रेलर में एक रहस्यमयी माहौल, डरावने पल और मानसिक तनाव की झलक देखने को मिलती है, जो इसे खास बनाता है।




खास बात यह है कि बिग बॉस 18 की प्रतियोगी चुम दरांग भी इस सीरीज से डिजिटल डेब्यू कर रही हैं, जो फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज है। 'खौफ' का ट्रेलर यह संकेत देता है कि यह सीरीज केवल डराने के लिए नहीं है।

# 'केसरी 2' के लिए अक्षय कुमार थे पहली पसंद



अक्षय कुमार जल्द ही 'केसरीः चैप्टर 2' में नजर आएंगे, जिसका निर्देशन करण सिंह त्यागी कर रहे हैं। यह फिल्म कई कारणों से खास बन गई है, क्योंकि इसमें अक्षय के साथ पहली बार अनन्या पांडे और आर माधवन भी लीड रोल में दिखाई देंगे। तीनों कलाकार पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नज़र आएंगे, जिससे फिल्म को लेकर फैंस में खासा उत्साह है। फिल्म में अक्षय कुमार एक वरिष्ठ वकील सी. शंकरन नायक की भूमिका निभा रहे हैं। गौरतलब है कि 'केसरी 2' के लिए अक्षय कुमार निर्माता की पहली और आखिरी पसंद थे। फिल्म की पूरी स्क्रिप्ट उनके इर्द-गिर्द ही बुनी गई है, और उनके बिना इस प्रोजेक्ट की कल्पना भी नहीं की गई थी। हाल ही में फिल्म के निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया कि जब 'केसरीः चैप्टर 2' की कहानी पर चर्चा हुई, तो सबसे पहले अक्षय कुमार का नाम उनके ज़ेहन में आया।

# तमिलनाडु में फिर साथ आए भाजपा-एआईएडीएमके

▸▸ अमित शाह ने गठबंधन का किया ऐलान

▸▸ 2026 का चुनाव पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ने की घोषणा

एजेंसी | चेन्नई

भाजपा और एआईएडीएमके के रिश्तों में आई दरार अब खत्म हो गई है। गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों दलों के फिर साथ आने की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2026 का तमिलनाडु विधानसभा चुनाव AIADMK प्रमुख ई. पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा बाद में बातचीत से तय किया जाएगा।



### शाह बोले- कोई डिमांड नहीं, NDA में वापसी फायदेमंद

अमित शाह ने स्पष्ट किया कि गठबंधन को लेकर AIADMK की ओर से कोई मांग नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि NDA में AIADMK की वापसी दोनों दलों के लिए लाभकारी साबित होगी।

### घोटाले, दलितों-महिलाओं पर अत्याचार चुनावी मुद्दे

शाह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव डीएमके सरकार के भ्रष्टाचार, दलितों और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार जैसे मुद्दों को लेकर लड़ा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि जनता इन मुद्दों पर डीएमके से जवाब मांग रही है।

### CMP की संभावना, मतभेदों पर होगी बातचीत

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब कुछ मुद्दों पर मतभेद की बात उठी तो शाह ने कहा कि जरूरत पड़ी तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम (CMP) बनाया जाएगा और सभी मुद्दों पर चर्चा के जरिए समाधान निकाला जाएगा।

### नए प्रदेश अध्यक्ष की चर्चा, अन्नामलाई पीछे हटे

इसी बीच तमिलनाडु भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, तिरुनेलवेली से भाजपा विधायक नयनार नागेन्द्रन का नाम प्रस्तावित किया गया है, जिसकी पुष्टि अमित शाह के एक सोशल मीडिया पोस्ट से होती है। मौजूदा प्रमुख के. अन्नामलाई ने खुद उनका नाम आगे बढ़ाया है।

### 2021 में मिला था NDA को झटका

2021 के विधानसभा चुनाव में AIADMK-BJP गठबंधन को केवल 75 सीटें मिली थीं, जिनमें AIADMK को 66 और भाजपा को 4 सीटें मिली थीं। इसके मुकाबले, DMK गठबंधन ने 159 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

### 2024 लोकसभा में पूरी तरह साफ हुआ NDA

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा और AIADMK को बड़ा झटका लगा। दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़े और एक भी सीट नहीं जीत सके। तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर DMK नेतृत्व वाले INDIA गठबंधन ने कब्जा जमाया। पड़ोसी पुडुचेरी की एक सीट भी कांग्रेस ने जीत ली।

### 2011 से 2021 तक दो कार्यकाल तक सत्ता में रही AIADMK

AIADMK ने लगातार दो कार्यकाल (2011-2021) तक तमिलनाडु में सरकार चलाई। 2021 के बाद एम.के. स्टालिन के नेतृत्व में DMK सत्ता में आई, जबकि AIADMK विपक्ष में चली गई।



### 2023 में अन्नामलाई की टिप्पणियों से टूटा था गठबंधन

सितंबर 2023 में तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई की कुछ विवादित टिप्पणियों के चलते AIADMK ने एनडीए से नाता तोड़ लिया था। अब उनके पीछे हटने और नई रणनीति के तहत दोनों दल फिर एक मंच पर आ गए हैं।

# लोको पायलटों को ड्यूटी के दौरान नहीं मिलेगा टॉयलेट और खाने का ब्रेक

▸▸ रेलवे ने उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को किया खारिज, AILRSA ने बताया अव्यवहारिक



एजेंसी | नई दिल्ली

**भारतीय रेलवे ने लोको पायलटों को ड्यूटी के दौरान भोजन और शौच के लिए निर्धारित ब्रेक देने से इनकार कर दिया है। रेलवे बोर्ड ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को खारिज करते हुए कहा कि परिचालन संबंधी बाधाओं के कारण ऐसा करना संभव नहीं है।**

### ब्रेक से ट्रेन संचालन पर पड़ सकता है असर : रेलवे बोर्ड

■ रेलवे बोर्ड का मानना है कि ब्रेक देने से ट्रेन संचालन बाधित हो सकता है, खासकर हाई डेंसिटी रूट्स पर। बोर्ड ने यह भी कहा कि हाल में हुई रेल दुर्घटनाओं के बावजूद ऑपरेशनल एफिशिएंसी को प्राथमिकता देना जरूरी है।

### कैबिन मॉनिटरिंग सिस्टम का बचाव

■ लोकोमोटिव केबिन में लगाए जा रहे क्रू वॉयस और वीडियो रिकॉर्डिंग सिस्टम को लेकर उठे सवालों पर रेलवे बोर्ड ने सफाई दी कि इसका उद्देश्य क्रू की निगरानी नहीं, बल्कि घटनाओं के बाद जांच में सहयोग और सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करना है।

### AILRSA ने जताई नाराजगी

■ ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (AILRSA) ने रेलवे बोर्ड के इस फैसले को अव्यवहारिक करार दिया है। महासचिव केसी जेम्स ने कहा कि तेज रफ्तार ट्रेनों की बढ़ती संख्या से लोको पायलटों पर मानसिक दबाव बढ़ा है और समिति इस पहलू को समझने में विफल रही।

### महिला पायलटों के लिए हालात गंभीर

■ AILRSA के केंद्रीय संगठन सचिव वी. बालचंद्रन ने कहा कि कई सुपरफास्ट ट्रेनें लगातार 6-7 घंटे तक बिना रुके चलती हैं। ऐसे में ब्रेक न मिलना विशेष रूप से महिला लोको पायलटों के लिए गंभीर समस्या है।

# वक्फ संशोधन अधिनियम को जमीअत उलमा-ए-हिंद ने दी चुनौती

▸▸ मौलाना महमूद मदनी ने दाखिल की जनहित याचिका

एजेंसी | नई दिल्ली

जमीअत उलमा-ए-हिंद ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। संगठन के अध्यक्ष मौलाना सैयद महमूद असद मदनी ने इस कानून को असंवैधानिक करार देते हुए इसके खिलाफ जनहित याचिका (PIL) दाखिल की है। याचिका में इस अधिनियम को भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26, 29 और 300-ए का उल्लंघन बताया गया है।



### धार्मिक पहचान को खतरा : मदनी

मौलाना मदनी ने कहा कि यह कानून मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए खतरा है। उन्होंने इसे एक बहुसंख्यकवादी सोच की उपज बताया और कहा कि इसके जरिए वक्फ संपत्तियों की परिभाषा, प्रबंधन और संचालन में अनुचित हस्तक्षेप किया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कांग्रेस नेता राजशेखरन का निधन

**कोच्चि।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूरानद राजशेखरन का निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार वह कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे और शुक्रवार को एक प्राइवेट अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। राजशेखरन केरल प्रदेश कांग्रेस समिति के राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्य भी थे।

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** इंफाल के विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस ने तीन उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इंफाल पूर्व जिले में सावोमबंग इलाके से कांगलेई यावोल कन्ना लूप के कार्यकर्ता जबकि न्गारियन याइरीपोक रोड से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया। वहीं काइरंग गांव से भी कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान इंफाल पूर्व व चुराचांदपुर जिलों से भारी मात्रा में गोला - बारूद भी बरामद किया गया है।

### कोविड मरीज से दुष्कर्म में आजीवन कारावास

**पतनमतिट्टा।** अदालत ने कोविड मरीज युवती से दुष्कर्म के मामले में एम्बुलेंस चालक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार घटना सितंबर 2020 की है जब एक 19 वर्षीय युवती को कोविड के इलाज के लिए अदूर जनरल अस्पताल से पंडलम के कोविड सेंटर स्थानांतरित किया जा रहा था।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक आतंकी मारा गया

▸▸ जंगली इलाके में सेना ने 2-3 आतंकियों को घेरा, एनकाउंटर जारी



एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में चल रहे एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक आतंकी मार गिराया है। 2-3 आतंकियों को अभी सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। एनकाउंटर जारी है। सुरक्षा बलों ने 9 अप्रैल को चत्रू जंगल के इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी थी, जिसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हुई थी। यहां बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। आसपास के गांवों में भी अलर्ट है। स्थानीय लोगों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है। इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में LoC पर आरएस पुरा सेक्टर पर BSF के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को LoC पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। घटना पुंछ में LoC पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

# हिंदू तिलक पर तमिलनाडु मंत्री का अश्लील कमेंट

▸▸ डीएमके ने पोनमुडी को पार्टी पद से हटाया

▸▸ कनिमोझी ने कहा- अश्लील टिप्पणी स्वीकार नहीं



एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु के वन मंत्री के. पोनमुडी का हिंदू तिलक को लेकर दिया गया अश्लील बयान गंभीर विवाद में बदल गया है। वीडियो वायरल होने के बाद डीएमके ने उन्हें पार्टी के उपमहासचिव पद से हटा दिया है। वहीं सांसद कनिमोझी ने भी मंत्री के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे अश्लील और अपमानजनक बयानों की पार्टी में कोई जगह नहीं है।

### भाजपा का हमला, धार्मिक अपमान का आरोप

भाजपा नेता अमित मालवीय ने इसे DMK द्वारा हिंदू धर्म पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि DMK, कांग्रेस, TMC और RJD जैसे INDIA गठबंधन के सदस्य केवल हिंदू मान्यताओं का अपमान करने के लिए एकजुट हैं। भाजपा नेता खुशबू सुंदर ने मुख्यमंत्री स्टालिन से सवाल पूछा कि क्या उनमें मंत्री को उनके पद से हटाने की हिम्मत है। सिंगर चिन्मयी श्रीपदा ने भी बयान की निंदा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि यह पूरी जनता का अपमान है और कोई न कोई देवी या देवता जरूर इसका न्याय करेंगे।

### क्या कहा था पोनमुडी ने?

■ एक सार्वजनिक मंच से बोलते हुए पोनमुडी ने शैव और वैष्णव तिलक की तुलना एक सेक्स वर्कर की बातचीत से जोड़ दी। बयान में उन्होंने महिलाओं से 'माफ करना' कहते हुए अश्लील इशारों और हावभाव के साथ समझाने की कोशिश की कि कैसे तिलक की दिशा से व्यक्ति की 'स्थिति' का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और विवाद का कारण बना। डीएमके सांसद कनिमोझी ने पोनमुडी के बयान को निंदनीय और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि समाज में इस तरह की टिप्पणियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

# 'हर केस सीबीआई को देना उचित नहीं'

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश खारिज किया



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एक केस की जांच सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए गए थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि हर मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश करना न्यायसंगत नहीं है और यह केवल उन्हीं मामलों में होनी चाहिए, जहां यह जांच प्रथम दृष्टया जरूरी लगे।

### 'सीबीआई को जांच सौंपना अंतिम विकल्प होना चाहिए'

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल पुख्ता कारणों और मजबूत तथ्यों के आधार पर ही सीबीआई जांच के आदेश देने चाहिए। उन्होंने कहा, "सीबीआई जांच किसी सामान्य प्रक्रिया या अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं दी जा सकती। अगर-मगर के आधार पर एजेंसी को लगाना सही नहीं।"

### क्या था मामला?

पंचकूला के एक फार्मा कारोबारी ने अक्टूबर 2022 में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें उसने एक व्यक्ति पर आईबी के आईजी के नाम पर धमकी देने, जबरन पैसे वसूलने और 1.49 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवाने का आरोप लगाया था। कारोबारी ने जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया।

## लापता सर्वेक्षक पांच दिन बाद मृत मिला

एजेंसी | गांधीधाम

पांच दिन से लापता एक निजी कंपनी के सर्वेक्षक कच्छ के रण में मृत पाए गए। पुलिस के अनुसार मृतक 55 वर्षीय अर्णब पाल एक निजी कंपनी में सर्वेक्षक थे और पांच दिन पहले कच्छ के रण में काम करते हुए लापता हो गए थे। वह अपनी कंपनी के सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के लिए सर्वेक्षण कर रहे थे। तभी से उनकी तलाश जारी थी। उनका शव कच्छ जिले के रापर तालुका क्षेत्र से बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पाल द्वारा रास्ता भटकने की बात सामने आ रही है। उन्हें अंतिम बार 6 अप्रैल को देखा गया था। माना जा रहा है कि रास्ता भटकने से गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन से उनकी मौत हुई है।

# ईडी को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



▸▸ एनएएन घोटाले को दिल्ली ट्रांसफर करने की याचिका पर उठाए सवाल

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ED) को कड़ी फटकार लगाई। ईडी ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नागरिक आपूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले को दिल्ली ट्रांसफर करने की मांग को लेकर याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि एजेंसी को जनता के मौलिक अधिकारों का भी ध्यान रखना चाहिए।

### 'ईडी ने खुद कैसे दायर की अनुच्छेद 32 की याचिका?'

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने सवाल उठाते हुए कहा कि संविधान का अनुच्छेद 32 मूल रूप से व्यक्तियों को उनके मौलिक अधिकारों के उल्लंघन पर राहत मांगने का अधिकार देता है, न कि सरकारी एजेंसियों को। इस पर अतिरिक्त महाधिवक्ता एसवी राजू ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और कहा कि ईडी के पास भी मौलिक अधिकार हैं।

### कोर्ट की दो टूक

इस पर कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, ₹अगर ईडी के पास मौलिक अधिकार हैं, तो उसे नागरिकों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए।₹ इसके बाद अदालत ने याचिका को वापस लेने की अनुमति दे दी।

### क्या है एनएएन घोटाला?

2015 में छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) से जुड़ी नोडल एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम (NAN) के कार्यालयों पर छापा मारा गया था। इस दौरान 3.64 करोड़ रुपये की नकदी जब्त हुई थी। जांच में घटिया चावल और नमक की आपूर्ति के भी आरोप सामने आए थे।

# वकालत के पेशे में धीरे-धीरे बढ़ने लगी है महिलाओं की भागीदारी



▸▸ AIBE में 34% महिला उम्मीदवार

▸▸ देशभर में महिला वकीलों की हिस्सेदारी 17%

एजेंसी | नई दिल्ली

आजादी के 75 साल बाद भी न्यायपालिका में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, लेकिन कानूनी शिक्षा संस्थानों की सक्रिय भूमिका और महिलाओं की बढ़ती रूचि के चलते वकालत के क्षेत्र में उनकी हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है। भारतीय विधिज्ञ परिषद (BCI) द्वारा दिसंबर 2024 में आयोजित अखिल भारतीय बार परीक्षा (AIBE) में 34.85% महिला अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

### महिला वकीलों की संख्या 17% के पार

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में वकालत करने वाले कुल वकीलों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 17% है। यह संख्या 2010 में 11% थी, जो 2020 तक बढ़कर 15% हुई और अब इसमें थोड़ी और वृद्धि दर्ज की गई है।

### लोकसभा में कानून मंत्री ने रखे आंकड़े

■ केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में बताया कि दिसंबर 2024 की AIBE परीक्षा में कुल 2.36 लाख उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 82,402 महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि यह रुझान वकालत में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और करियर के रूप में कानून के प्रति उनकी रुचि को दर्शाता है।

### कानूनी शिक्षा के लिए कोई केंद्र प्रायोजित नहीं

■ वर्तमान में महिलाओं के लिए कानून की पढ़ाई को बढ़ावा देने वाली कोई विशेष केंद्र सरकार की योजना नहीं है। हालांकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा वुमन स्टडी सेंटर्स₹ की स्थापना को लेकर एक योजना चलाई जा रही है, जो महिला केंद्रित पाठ्यक्रम, शोध और प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देती है।

### नंबर गेम

■ 14% है उच्च न्यायालयों में महिला जजों की हिस्सेदारी

■ 9% है जिला अदालतों में महिला जजों की हिस्सेदारी



### महिला आरक्षण नहीं, लेकिन विश्वविद्यालय स्तर पर पहल

■ कानून मंत्री ने स्पष्ट किया कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत वकालत के पेशे में महिलाओं के लिए कोई आरक्षण प्रावधान नहीं है। हालांकि कई राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (NLU) और राज्य व केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने अपने स्तर पर कानूनी शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की पहल की है।